www.hindmatamirror.com ●वर्ष: 12 ●अंक: 197 ●ठाणे, शुक्रवार 10 अप्रैल, 2026 ●पेज: 8 ●मूल्य: 2 रुपए hindmatamirror1@gmail.com

RNI. NO. MAHHIN/2011/43060

दैनिक

# हिंदमाता मिरर

पैनी नजर, पुख्ता खबर



वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल की जोड़ी फिर धमाल को तैयार

पेज 8



प्यार में धोखा खा चुकी हैं सनी लियोनी

8 पेज

### सुप्रभात

कर्म के बिना विचार गर्भपात के समान है और विचार के बिना कर्म निपट मूर्खता। आदमी का व्यक्तित्व उसकी अपनी कमाई है। - कोल्टन

### मौसम का मिजाज

सूर्यास्त (10 अप्रैल) 6:55 बजे, सूर्योदय (11 अप्रैल) 6:25 बजे, **तापमान: 31 डिग्री से. (धूप खिली रहेगी।)**

# महाराष्ट्र में पुजारियों को मिलेगी रोजागर की गारंटी, हर महीने खाते में आएगी सैलरी!

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**महाराष्ट्र** सरकार ने जल्द ही पुजारियों को सुरक्षा गार्डों, मराठी कर्मचारियों और अस्थायी श्रमिकों की तरह एक अलग और समान दर्जा देने का प्रयास कर रही है। मंदिरों में पारंपरिक पुजारियों को निश्चित वेतन और कानूनी संरक्षण दिया जाएगा। इतना ही नहीं सरकार की योजना के अनुसार, पुजारियों ने अलग-अलग श्रेणियों में बांटा जाएगा। इस नीति को लेकर राज्य में काफी चर्चा शुरू हो गई है। इसके विवादास्पद होने की संभावना है।



### क्या है सरकार का प्लान?

राज्य के विभिन्न मंदिरों के पुजारियों के लिए जल्द ही एक व्यापक नीति की घोषणा की जाएगी। एक बैठक में राहत एवं पुनर्वास राज्य मंत्री आशीष जायसवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि पुजारी पीढ़ियों से मंदिरों में सेवा कर रहे हैं। सरकार के संज्ञान में आया है कि उन्हें निश्चित वेतन और सुरक्षा प्राप्त नहीं है। इन पुजारियों के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मानजनक जीवन यापन को सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस संबंध में जल्द ही एक नीति की घोषणा की जाएगी।

### बैठक में कौन-कौन रहे शामिल?

इस बैठक में चैरिटी कमिश्नर एस.एस. कलोटी, विधि एवं न्याय विभाग के अवर सचिव, उप सचिव, गुरव समाज के सलाहकार मुकुंद अगलवे, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय शिंदे, देवस्थान समिति के राज्य अध्यक्ष धनंजय डेयर, महासचिव रंगनाथ गुरव, समीर गुरव और विभिन्न प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बैठक में इन बिंदुओं पर दिया गया जोर

बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई, मसलन सुरक्षा गार्डों, मराठी कर्मचारियों और गिग वर्करों की तरह, पुजारियों को भी कानूनी संरक्षण और वित्तीय स्थिरता की गारंटी दी जाएगी। मंदिरों से प्राप्त आय के पारदर्शी वितरण और पुजारियों के पारिश्रमिक को निर्धारित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। मंदिरों की संपत्ति, भूमि और आय के प्रबंधन के लिए एक अलग बंदोबस्ती ट्रस्ट स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। मंदिरों के प्रकार, मौजूदा प्रक्रियाओं और अदालती फैसलों का अध्ययन करके मंदिरों को ए, बी और सी श्रेणियों में वर्गीकृत करने की योजना है।

## शॉर्ट स्टोरी

### 15400 टन एलपीजी संग जेएनपीए पहुंचा पोत

**हिंदमाता नेटवर्क @ ठाणे**

**पश्चिम** एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारतीय ध्वज वाला एक पोत होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर 15,400 टन एलपीजी के साथ नवी मुंबई स्थित जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जेएनपीए) पहुंच गया है। जेएनपीए ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पत्तन प्राधिकरण ने एक विज्ञप्ति में कहा, जेएनपीए ने भारतीय ध्वज वाले एलपीजी पोत ग्रीन आशा का आज स्वागत किया। इस पोत ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार किया और बीपीसीएल-आईओसीएल द्वारा संचालित जेएनपीए के लिक्विड बर्थ पर लंगर डाला। पोत 15,400 टन एलपीजी लेकर पहुंचा। पोत के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

### मुंबई हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर लगी आग

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**मुंबई** के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर गुरुवार शाम आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने बताया कि 1 बी सर्कल के पास एक तीन-मंजिला इमारत में शाम 6 :35 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद मुंबई अग्निशमन सेवा की गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। उन्होंने बताया कि आग सिर्फ भूतल पर फैली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है।

### पुणे के डॉक्टर से 12 करोड़ रुपए की ठगी

**हिंदमाता नेटवर्क @ पुणे**

**पुणे** के 75 वर्षीय डॉक्टर को साइबर जालसाजों ने 12 .31 करोड़ रुपए का चूना लगाया। जालसाजों ने शेयर बाजार में निवेश करके मात्र 11 दिनों में उनके पैसे को दोगुना करने का वादा किया था। जांचकर्ताओं ने डॉक्टर को आश्वासन दिया कि उनके माध्यम से किया गया निवेश उन्हें 11 दिनों के भीतर 54 करोड़ रुपए तक का लाभ दिलाएगा। 7 मार्च से 18 मार्च के बीच पीड़ित ने कुल 12 .31 करोड़ रुपए धोखेबाजों द्वारा दिए गए आठ अलग-अलग बैंक खातों में स्थानांतरित किए। डॉक्टर ने जब और पैसा निवेश करने में संकोच किया, तो आरोपियों ने धमकाया और तब मामला पुलिस तक पहुंचा। जांच जारी है।

### फर्नीचर पर बीएमसी की फिजूलखर्ची से विवाद

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**बीएमसी** स्कूलों में उप शिक्षक अधिकारियों व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के लिए बीएमसी कुर्सी व टेबल खरीदने वाली है। कुल 430 कुर्सी व टेबल की कीमत 79 लाख रुपए बताई गई, जिसके बाद स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य नाराज हो गए। मनसे के गुटनेता व स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य यशवंत किल्लेदार ने सवाल उठाया कि एक टेबल की कीमत 58 हजार 450 रुपए है और एक कुर्सी की कीमत 15 हजार 490 रुपए है। कुल 79 लाख फिजूल खर्च किया जा रहा है। क्या यह जरूरी है? बीएमसी स्कूलों में शौचालय की स्थिति दयनीय है। साफ-सफाई न होने से बच्चों को इन्फेक्शन होता है। क्लासरूम की जर्जर अवस्था है।

नाशिक मामले में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का बड़ा बयान

# नहीं चलने देंगे आईटी कंपनियों में धर्मांतरण का रैकेट



● नाशिक की एमएनसी में यौन शोषण, 8 महिलाओं ने लगाए गंभीर आरोप
● इंजीनियर-टीम लीडर सहित 6 गिरफ्तार, एसआईटी जांच शुरू

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**महाराष्ट्र** के नाशिक में एक प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनी के भीतर महिलाओं के यौन शोषण और जबरन धर्म परिवर्तन के चौंकाने वाले खुलासे के बाद राज्य की राजनीति गरमा गई है। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले पर अपनी पहली कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे एक 'गंभीर संगठित साजिश' करार दिया है। फडणवीस ने स्पष्ट किया है कि महाराष्ट्र की धरती पर, विशेषकर कॉरपोरेट सेक्टर में, इस तरह का कोई भी रैकेट बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नाशिक के दो अलग-अलग पुलिस थानों में अब तक कुल 9 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें 6 संदिग्धों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस आयुक्त संदीप कर्णिक ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है।

### नौकरी का लालच और 5 साल का अत्याचार

जांच में सामने आया है कि कंपनी के टीम लीडर्स और वरिष्ठ अधिकारियों ने पिछले पांच वर्षों से हिंदू महिला और पुरुष कर्मचारियों को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। सातारा से आए एक युवक को जबरन नमाज पढ़ने, कलमा सीखने और रमजान में रोजा रखने के लिए मजबूर किया गया। उसे मांसाहारी भोजन खाने के लिए भी प्रताड़ित किया गया। जरूरतमंदों का फायदा उठाया गया।

### 6 गिरफ्तार, मास्टरमाइंड निदा खान फरार

नाशिक पुलिस ने इस मामले में अब तक छह संदिग्धों को दबोच लिया है, जिनके नाम आसिफ अंसारी, शफी शेख, रजा मेमन, तौसीफ अत्तार, शाहरुख कुरैशी और दानिश शेख हैं। हालांकि मामले की एक मुख्य कड़ी निदा खान अभी भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि एसआईटी इस बात की गहराई से जांच करेगी कि क्या इस गिरोह के तार किसी अंतरराष्ट्रीय या बड़े नेटवर्क से जुड़े हैं।

### यह केवल शोषण नहीं, गहरी साजिश है



मुख्यमंत्री फडणवीस ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह बेहद चौंकाने वाला है कि एक टेक्नोलॉजी कंपनी के भीतर महिलाओं का यौन शोषण किया गया और उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया। नाशिक पुलिस ने जिस तत्परता से इस मामले को उजागर किया है, वह सराहनीय है। उन्होंने संकेत दिए कि प्रशासन इसे केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि एक जिहादी गिरोह की संगठित गतिविधि के रूप में देख रहा है, जिसका उद्देश्य बेरोजगार और जरूरतमंद हिंदू युवतियों को निशाना बनाना था।

### नितेश राणे बोले- ये कॉरपोरेट जिहाद



**इस** पूरे मामले पर महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने नाशिक की घटना को 'कॉरपोरेट जिहाद' करार देते हुए कहा कि समाज को इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। राणे ने दावा किया कि करीब 15 पीड़ित लड़कियों ने शिकायत दी है और अन्य पीड़िताओं से भी आगे आने की अपील की है।

### कंपनी के एचआर ने क्या कार्रवाई की?

नितेश राणे ने यह भी कहा कि अगर कहीं भी इस तरह का माहौल बनाया जा रहा है, तो लोग सामने आएं, सरकार उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेगी। साथ ही उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि अगर इस तरह की गतिविधियां चल रही थीं, तो कंपनी के एचआर विभाग ने क्या कार्रवाई की। राणे ने कहा कि हमने देखा कि जब इन आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया तब 600 से ज्यादा लोग इकट्ठा हुए थे मैं तो कहता हूं कि वे सभी कौन है उनका भी बैकग्राउंड भी चेक किया जाए। यहां आतंकियों के अंतिम संस्कार के समय भीड़ इकट्ठा होती है।

### पीड़ितों की पहचान गोपनीय रखी जा रही है

पुलिस का कहना है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पीड़ितों की पहचान गोपनीय रखी जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या इस केस के तार केवल स्थानीय स्तर तक सीमित हैं या इसका दायरा और बड़ा हो सकता है। वहीं आरोपियों की ओर से पेश वकील का कहना है कि वर्क प्लेस के फ्रेंडली माहौल के कारण हुई गलतफहमी भी हो सकती है। उनका कहना है कि एफआईआर सामने आने के बाद ही स्थिति साफ होगी।

# शांति वार्ता को लेकर संदेह!

पाकिस्तान कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता की मेजबानी करेगा

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

**पाकिस्तान** शुक्रवार को अमेरिका और ईरान के बीच उच्च-स्तरीय वार्ता की मेजबानी करने वाला है, जिसका उद्देश्य युद्धविराम को मजबूत करना और पश्चिम एशिया में तनाव को बढ़ने से रोकना है। अमेरिका और ईरान बुधवार को दो हफ्ते के लिए एक सशर्त युद्धविराम पर सहमत हो गए। इसके बाद, मतभेदों को सुलझाने और मौजूदा युद्धविराम को एक स्थायी शांति में तब्दील करने के लिए इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच एक बैठक होनी है। दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल के बातचीत में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार रात तक इस्लामाबाद पहुंचने की उम्मीद है। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोघादम ने तेहरान के प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी की पुष्टि करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इजराइल द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के कारण उनके देश में शांति वार्ता को लेकर संदेह बना हुआ है। उन्होंने एक्स पर कहा, राजनयिक पहल को नाकाम करने के लिए इजराइली शासन द्वारा बार-बार युद्धविराम के उल्लंघन के कारण ईरान के लोगों में संशय के बावजूद, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निमंत्रण पर, ईरानी प्रतिनिधिमंडल आज रात इस्लामाबाद पहुंच रहा है, ताकि ईरान द्वारा प्रस्तावित 10 बिंदुओं पर वार्ता की जा सके।



### अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के भी पहुंचने की उम्मीद

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के भी पहुंचने की उम्मीद है, लेकिन उनके आगमन का कोई समय घोषित नहीं किया गया है। खबरों के अनुसार, उनके साथ स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर भी होंगे। इस घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने बताया कि बातचीत का मुख्य जोर एक दीर्घकालिक शांति व्यवस्था के लिए एक व्यापक रूपरेखा तैयार करने पर रहने की उम्मीद है, जिसमें प्रतिबंधों में राहत, क्षेत्रीय सुरक्षा और ईरान के परमाणु तथा मिसाइल कार्यक्रम के भविष्य जैसे मुद्दे शामिल होंगे। तेहरान ने संकेत दिया है कि यह बातचीत प्रस्तावित 10 सूत्री योजना पर आधारित होगी, जिसमें प्रतिबंधों को हटाने, भविष्य के हमलों के विरुद्ध गारंटी और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी चिंताओं को दूर करने की व्यवस्था शामिल है।

### इजराइल के हमलों का कड़ा जवाब दिया जाएगा: ईरान

**दुबई।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कालिबाफ ने गुरुवार को चेतावनी दी कि यदि लेबनान में हिजबुल्ला पर इजराइल के हमले जारी रहे तो इसके स्पष्ट नतीजे सामने आयेंगे और कड़ा जवाब दिया जायेगा। कालिबाफ ने एक्स पर एक संदेश में यह चेतावनी दी। उन्होंने अन्य ईरानी अधिकारियों की तरह इस बात पर जोर दिया कि दो सप्ताह का युद्धविराम लेबनान में भी लागू होता है, जिसे इजराइल और अमेरिका दोनों ने नकार दिया है। उन्होंने कहा, युद्धविराम उल्लंघन का स्पष्ट और कड़ा जवाब दिया जाएगा। कालिबाफ के नाम पर संभावित वातार्कार के रूप में चर्चा हो रही है, जो इस सप्ताहांत पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात कर सकते हैं।


### लेबनान में इजराइल के हमलों में 254 लोग मारे गए

**बेरुत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बुधवार को मध्य बेरुत और अन्य क्षेत्रों में इजराइल के हमलों में कम से कम 254 लोग मारे गए। मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि हमलों में 1,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइल और लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से पिछले पांच सप्ताह में बुधवार को सबसे ज्यादा लोग मारे गए। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि, बिना किसी चेतावनी के जिन इमारतों पर हमला किया गया, उनमें से कई घनी आबादी वाले व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों में थीं, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर नागरिक हताहत हुए। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने इन हमलों को बर्बर करार दिया।



# ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

गुजरात का फरार कैदी मुंबई की चॉल में बना रहा था करोड़ों की ड्रग्स



**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**मुंबई** पुलिस ने एक हाई-प्रोफाइल ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है, जिसे गुजरात पुलिस का एक फरार अपराधी अंधेरी की एक साधारण सी चॉल से संचालित कर रहा था। मुख्य आरोपी मोहम्मद आरिफ मोहम्मद इलियास शेख, जो सूरत की लाजपोर जेल में ड्रग तस्करी की सजा काट रहा था और 2023 में पैरोल से फरार हो गया था, उसने मुंबई आकर सांताक्रुज और अंधेरी को अपना नया ठिकाना बनाया। पुलिस ने इस मामले में आरिफ, उसकी पत्नी नसरीन और उनके एक सहयोगी रिजवान अहमद को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरिफ ने पुलिस की नजरों से बचने के लिए अंधेरी के सहार रोड स्थित एक चॉल में महज 13 हजार रुपए महीने का कमरा किराए पर लिया था। इसी छोटे से कमरे को उसने गुप्त रूप से सिंथेटिक ड्रग्स (एमडी) बनाने की लैब में बदल दिया था।

■ पुलिस की पूछताछ में जो खुलासे हुए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। आरोपी आरिफ इसी चॉल के कमरे से हर महीने लगभग 25 से 30 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स तैयार कर रहा था। अपनी गतिविधियों को गुप्त रखने के लिए उसने एक शातिर रणनीति अपनाई थी—वह अपने रहने वाले इलाके में कभी ड्रग्स की सप्लाई नहीं करता था। उसका नेटवर्क मुंबई के अन्य हिस्सों और बाहरी राज्यों तक फैला हुआ था। इस बड़े नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब खार पुलिस की टीम गश्त पर थी और उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 15 .44 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। कड़ी पूछताछ के बाद उसने अंधेरी स्थित उस चॉल के कमरे का पता बताया जहां ड्रग्स बनाई जा रही थी। इसके बाद पुलिस ने वहां छापेमारी कर ड्रग्स बनाने के आधुनिक उपकरण और भारी मात्रा में केमिकल्स जब्त किए।

कांग्रेस ने वापस लिया नामांकन, उपचुनाव में अब निर्दलीयों से मुकाबला

# बारामती में सुनेत्रा पवार की राह आसान

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**महाराष्ट्र** की राजनीति में बारामती विधानसभा उपचुनाव को लेकर बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस ने इस सीट से अपना उम्मीदवार वापस लेने का फैसला किया है। कांग्रेस उम्मीदवार ने नामांकन की अंतिम तिथि से ठीक पहले अपना पर्चा वापस ले लिया। इसके साथ ही कांग्रेस इस उपचुनाव की दौड़ से बाहर हो गई है। हालांकि, सुनेत्रा पवार के सामने अब भी 20 से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। कांग्रेस के महाराष्ट्र अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने गुरुवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम राज्य की राजनीतिक संस्कृति और मर्यादा को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। उन्होंने यह भी साफ किया है कि वह किसी भी अन्य उम्मीदवार को समर्थन नहीं दे रही है। इस फैसले के पीछे सबसे बड़ा कारण अजित पवार का हाल ही में हुआ दुखद निधन बताया जा रहा है। सपकाल ने कहा कि ऐसी संवेदनशील स्थिति में कांग्रेस ने दो कदम पीछे हटने का निर्णय लिया है, ताकि राज्य की राजनीतिक परंपराओं और आपसी सम्मान को बनाए रखा जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी का यह फैसला किसी राजनीतिक दबाव का परिणाम नहीं है। सपकाल ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की ओर से किसी तरह का कोई दबाव नहीं था। कांग्रेस ने यह फैसला पूरी तरह अपनी सोच और परंपरा के आधार पर लिया है। आगे की रणनीति पर बात करते हुए कांग्रेस ने संकेत दिया कि यह केवल एक अस्थायी कदम है। पार्टी 2029 के विधानसभा चुनाव में बारामती से मजबूती के साथ वापसी करेगी और अपना उम्मीदवार जरूर उतारेगी।

### सुनेत्रा पवार ने खुद कांग्रेस नेतृत्व से संपर्क किया था



दरअसल, बारामती सीट से चुनाव लड़ रहीं डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार ने खुद कांग्रेस नेतृत्व से संपर्क किया था। उन्होंने कई बार हर्षवर्धन सपकाल से बातचीत की और दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात कर उम्मीदवार वापस लेने का अनुरोध किया था। इसके अलावा एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल और धनंजय मुंडे ने भी कांग्रेस से इस मुद्दे पर सहयोग की अपील की थी। हालांकि कांग्रेस के हटने के बावजूद बारामती में चुनाव टलने वाला नहीं है। सपकाल के अनुसार, इस सीट पर 20 से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में हैं, इसलिए 23 अप्रैल को मतदान और 4 मई को मतगणना तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी।

### सपकाल को सीएम का फोन!

सूत्रों के मुताबिक सीएम फडणवीस ने सपकाल को सीधे फोन कर अपील की कि वह अपने उम्मीदवार को वापस ले ले ताकि उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार का निर्विरोध चुनाव हो सके। राज्य की राजनीति में ऐसा कम ही देखने को मिलता है जब सत्ताधारी दल का कोई बड़ा नेता खुद विपक्ष के प्रदेश अध्यक्ष से संपर्क कर चुनाव में उम्मीदवार वापस लेने की मांग करे।

### शरद पवार ने की खरगे से बात

एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से इस मुद्दे पर बात की । उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है और उसे अपना फैसला खुद लेना है, लेकिन अगर उनसे राय मांगी जाती है तो वह यही सुझाव देंगे कि यह चुनाव बिना मुकाबला हो।

### सुनेत्रा पवार खुद करें एफआईआर की मांग: संजय राऊत



महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में हुई मृत्यु के मामले में अब राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। शिवसेना के सांसद संजय राऊत ने इस मामले में एफआईआर दर्ज न होने को लेकर राज्य की महायुति सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। राऊत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि सरकार के मन में कोई पाप नहीं है, तो वह मामले की जांच को कानूनी रूप देने से क्यों कतरा रही है? राऊत ने इस मामले में उपमुख्यमंत्री और अजित पवार की उत्तराधिकारी सुनेत्रा पवार को भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि सुनेत्रा पवार आज सरकार का हिस्सा हैं और बारामती उपचुनाव में उम्मीदवार भी हैं, उन्हें सबसे पहले अपने पति की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग करनी चाहिए। राऊत के अनुसार, सुनेत्रा वाहिनी को सामने आकर पुलिस से पूछना चाहिए कि आखिर केस दर्ज करने में देरी क्यों हो रही है?

# सेशन कोर्ट से फरार कैदी विरार में गिरफ्तार

### टपोरी को महंगी पड़ी चाय के पैसे को लेकर टपरीवाले से तूतूमैंमैं

**मयंक रावत @ विरार**

**मुंबई** के सेशन कोर्ट के लॉकअप में जाते समय पुलिस कांस्टेबल के हाथ पर वार कर फरार हुआ शातिर आरोपी हैरिसन एंथनी जोसेफ अपनी चिल्लरगिरी के चलते विरार में पकड़ा गया। बोलिंज पुलिस ने उसे पकड़कर कुलाबा पुलिस के हवाले कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार वसई-विरार महानगरपालिका प्रभाग समिति कार्यालय क्रमांक-1 के सामने हैरिसन एक चाय टपरी पर चाय-पानी के पैसे को लेकर टपरीवाले से उलझ पड़ा। तभी नियमित गश्त पर निकले बोलिंज पुलिस थाने के बीट मार्शल पुलिस कॉन्स्टेबल दिनेश सानप और एम.यू.एस. कर्मचारी अक्षय देसाई ने हैरिसन को टपोरीगिरी करते देखा, तो उस पर शक हुआ। पूछताछ के दौरान हैरिसन अपना नाम और पता सही तरीके से नहीं बता पाया और गोलमोल जवाब देने लगा। बोलिंज पुलिस थाने में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रकाश कावळे और पुलिस उपनिरीक्षक नवनाथ कदम ने सख्ती से पूछताछ की, तो सच सामने आया।

### कांस्टेबल पर वार कर हथकड़ी के साथ फरार



हैरिसन एंथोनी जोसेफ (47) ने कबूल किया कि वह कुलाबा सेशन कोर्ट से पुलिस हिरासत से फरार हुआ था। 7 अप्रैल को पुलिस कांस्टेबल प्रशांत कांबले के हाथ पर वार कर वह हथकड़ी के साथ फरार हो गया था। पुलिस उपायुक्त सुहास बावचे के मुताबिक आरोपी बेहद शातिर अपराधी है, जो चार बार तड़ीपार रह चुका है और उसके खिलाफ मुंबई क्षेत्र में करीब 20 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह पूरी कार्रवाई पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे, पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में हुई।

# एआई की मदद से फर्जी पुलिस बनकर महिलाओं का शोषण

## सिन्नर में आरोपी आसिफ तडवी गिरफ्तार

**हिंदमाता नेटवर्क @ नाशिक**



नाशिक जिले के सिन्नर तहसील से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने खुद को पुलिस बता कर कई महिलाओं को फंसाया। उसने नकली आईडी कार्ड और पुलिस थाना का फोटो दिखाकर महिलाओं को प्रेम के जाल में फंसाया। इसके बाद आरोपी ने उनका यौन शोषण किया और आर्थिक ठगी भी की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

गिरफ्तार आरोपी का नाम आसिफ तडवी है। आसिफ तडवी इंस्टाग्राम पर अपने पुलिस वर्दी वाले फोटो शेयर कर लोगों को प्रभावित करता था। दरअसल, वह असली पुलिस नहीं था। उसने एआई की मदद से अपने पुलिस वर्दी वाले और पुलिस थाने में बैठे हुए नकली फोटो तैयार किए थे। ये फोटो देखकर महिलाएं उस पर भरोसा कर बैठती थीं।

3 लाख रुपए की ठगी और धमकीसिन्नर की एक पीड़ित महिला को उसने इसी तरह फंसाया। प्रेम का नाटक कर वह महिला से 3 लाख रुपए उगला। जब महिला ने और पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपी ने अपना असली रूप दिखाया।

■ उसने एआई की मदद से पीड़ित महिला के आपत्तिजनक फोटो बनाए और सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। पीड़ित महिला ने वावी पुलिस स्टेशन जाकर पूरी घटना बताई। इसके बाद पुलिस ने महिला से मिलने के लिए आरोपी को सिन्नर बुलाया और वहां पहुंचते ही उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से दो मोबाइल जब्त किए गए, जिनमें पुलिस वर्दी में सैकड़ों नकली फोटो पाए गए।

■ मोबाइल में कई महिलाओं के साथ चैट और अश्लील वीडियो मिलेपुलिस ने आरोपी के मोबाइल की जांच की तो कई महिलाओं के साथ चैट और अश्लील वीडियो मिले। इससे पता चलता है कि उसने केवल नाशिक ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों की महिलाओं को भी अपने जाल में फंसाया होगा। वावी पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और प्रशासन ने तकनीक का दुरुपयोग कर ठगी करने वालों से सावधान रहने की चेतावनी दी है।

# पुणे पुलिस की 'रील स्टार' लेडी कांस्टेबल और पीएसआई ने महिला प्रिंसिपल को किया ब्लैकमेल

## 7 लाख की वसूली से हड़कंप

**हिंदमाता नेटवर्क @ पुणे**




महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी पुणे से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां कानून के रखवालों ने ही भक्षक का रूप धारण कर लिया। अपराधियों पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी जिन पर होती है, उन्हीं पुलिसकर्मियों द्वारा कथित तौर पर वसूली किए जाने से पुणे पुलिस विभाग में बड़ा हड़कंप मच गया है। एक नामी शैक्षणिक संस्था की महिला प्रिंसिपल को ब्लैकमेल कर 7 लाख रुपए वसूलने के मामले में एक पुलिस उपनिरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ बंडगार्डन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

### कौन हैं आरोपी पुलिसकर्मी?

पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। आरोपियों के नाम अजीत बडे, सोनाली हिंगे और सुदाम तायडे बताए जा रहे हैं। पुलिस उपनिरीक्षक अजीत बडे फिलहाल साइबर पुलिस स्टेशन में तैनात हैं। वहीं सोनाली हिंगे शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में दामिनी मार्शल के रूप में कार्यरत हैं और सोशल मीडिया पर 'रील स्टार' के तौर पर भी जानी जाती हैं। सुदाम तायडे भी शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में पदस्थ हैं।

### पुलिस होने का डर दिखाकर कानूनी कार्रवाई की धमकी

पुणे की एक शैक्षणिक संस्था की महिला प्रिंसिपल को इन तीनों ने मिलकर जाल में फंसाया। उन्होंने प्रिंसिपल को धमकाया कि उनके खिलाफ 'पॉक्सो' के तहत गंभीर मामला दर्ज हो सकता है और उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। पुलिस होने का डर दिखाकर कानूनी कार्रवाई की धमकी दी गई और मामला रफा-दफा करने के बदले 7 लाख रुपए की मांग की गई। गिरफ्तारी और बदनामी के डर से प्रिंसिपल ने यह रकम दे दी। बाद में मामला संदिग्ध लगने पर उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की।

### पुलिस आयुक्त की सख्त कार्रवाई

शिकायत मिलते ही पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने तत्काल जांच के आदेश दिए। प्राथमिक जांच में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आने पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए केस दर्ज करने के निर्देश दिए। जनता की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मी ही जब वर्दी का दुरुपयोग कर वसूली करें, तो पुलिस पर भरोसा कमजोर होता है। इस घटना से पुणे पुलिस की छवि पर असर पड़ा है।

# रिटायर्ड एसीपी पर छेड़छाड़ का केस

## महिला की शिकायत, दुर्व्यवहार के आरोपों की जांच शुरू


**हिंदमाता संवाददाता @ कल्याण**

कल्याण पश्चिम के महात्मा फुले पुलिस थाने में एक रिटायर्ड सहायक पुलिस आयुक्त बी.एल. पवार के खिलाफ छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार का मामला दर्ज किया गया है। सोसायटी में रहने वाली एक महिला ने उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार, पवार आए दिन सोसायटी के रहवासियों से अभद्र व्यवहार करते हैं और महिलाओं के साथ गाली-गलौज करते हैं। महिला ने उनके खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। सोसायटी के सचिव का कहना है कि इससे पहले भी उनके खिलाफ दो बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन हर बार केवल नोटिस देकर मामला समाप्त कर दिया गया। रहवासियों ने आरोप लगाया है कि पवार बच्चों को भी गाली देते हैं और धमकाते हैं। हाल ही में उन्होंने कथित रूप से एक महिला के पैर पर वाहन चढ़ा दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज और हाथापाई की स्थिति बन गई। घटना के बाद रहवासियों ने आरोपी का घेराव कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही आरोपों की सच्चाई सामने आएगी।

# सिडको का लैंड माफिया पर बड़ा प्रहार

## • कामोठे और खारघर में 6600 वर्ग मीटर जमीन अवैध कब्जे से मुक्त

**हिंदमाता संवाददाता @ नवी मुंबई**



नवी मुंबई सिडको ने सरकारी जमीन हड़पने वाले लैंड माफिया और बिना इजाजत के अवैध निर्माण करने वालों को झटका देना जारी रखा है। इसी के तहत सिडको के अवैध निर्माण निरोधक विभाग द्वारा पनवेल के तहत आने वाले कामोठे नोड के अलग-अलग सेक्टर में कार्रवाई कर के 3000 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई के दौरान सिडको की एक टीम ने कामोठे के सेक्टर 9, 19, 29 और 32 में एक साथ कई अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की। जिसमें स्टॉल, शेड, कबाड़ की दुकानें, नर्सरी आदि का समावेश रहा। इसी तरह की कार्रवाई खारघर नोड में भी सिडको द्वारा की गई। उक्त सभी अवैध निर्माणों को जेसीबी की मदद से जमींदोज किया गया। सिडको के सतर्कता विभाग के मुख्य अधिकारी सुरेश मेंगडे के अनुसार अवैध निमार्णों की वजह से शहर के प्लान किए गए डेवलपमेंट के कार्यों में रुकावट आ रही थी, जिसे देखते हुए यह एक्शन लिया गया। इस एक्शन को सफल बनाने के लिए सिडको के संबंधित विभाग का अधिकारियों, कर्मचारियों, सिक्योरिटी फोर्स, सिडको से संलग्न पुलिस की टीम, लोकल पुलिस, महाराष्ट्र सिक्योरिटी फोर्स की मदद ली गई। वहीं खारघर नोड के सेक्टर 10, 11 और 18 में खाली प्लॉट पर बने अवैध निमार्णों को सिडको द्वारा गिराकर इस कार्रवाई से 3600 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया है।

### अवैध शेड से फैलती है गंदगी

खारघर जैसे तेजी से डेवलप हो रहे इलाके में कई जगहों पर अवैध तौर से स्टॉल, कबाड़ की दुकानें, लोहे की चादर के शेड और झोपड़ियां बनाई गई थी। जिसे जेसीबी की मदद से जमींदोज किया गया। कबाड़ की दुकानों और बिना इजाजत के बने शेड से इलाके में गंदगी फैलती है और अपराधियों के ऐसी जगहों पर पनाह लेने की संभावना होती है। जिसे ध्यान में रखते हुए सिडको द्वारा उक्त कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से सिडको की आरक्षित जमीन सुरक्षित हो गई है और भविष्य में इस पर बनने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए रास्ता साफ

# दो शातिर चोर गिरफ्तार 10 मामले उजागर

## क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, 2.14 लाख का माल बरामद

**हिंदमाता संवाददाता @ उल्हासनगर**



ठाणे पुलिस आयुक्तालय के जोन-4 क्षेत्र में पिछले छह महीनों से घरफोड़ चोरी और दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं। विठ्ठलवाड़ी, शिवाजीनगर, बदलापुर और अंबरनाथ क्षेत्रों में लगातार हो रही वारदातों से नागरिकों में चिंता बढ़ गई थी।

### तकनीकी जांच से सुराग

पुलिस ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जांच शुरू की। जांच में लकी सिंह गब्बर सिंह टाक और कृष्ण शंकर शर्मा की संलिप्तता सामने आई।

### जाल बिछाकर गिरफ्तारी

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक योगेश आव्हाड और उपनिरीक्षक विजय कजरी के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच टीम ने जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। टीम में कई पुलिसकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई।

### 10 अपराध कबूल

पूछताछ में आरोपियों ने विठ्ठलवाड़ी, शिवाजीनगर, बदलापुर पूर्व-पश्चिम और अंबरनाथ क्षेत्रों में सेंधमारी व वाहन चोरी के कुल 10 मामलों को कबूल किया। पुलिस ने उनके पास से करीब 2 लाख 14 हजार रुपए का माल बरामद किया है।

### आरोपी पर कई केस दर्ज

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी लकी सिंह टाक पर नागपुर, वर्धा, छत्रपति संभाजीनगर और कर्नाटक में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# पुलिस से धक्का-मुक्की, दो पर केस

## भिवंडी में कार्रवाई के दौरान हंगामा एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

**हिंदमाता संवाददाता @ भिवंडी**

भिवंडी के न्यू गौरीपाड़ा इलाके में टोरंट पावर की कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। घटना के बाद भोईवाडा पुलिस स्टेशन में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, जिसमें एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है, जबकि दूसरा फरार है। पुलिस के अनुसार, घटना 8 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12:30 बजे की है। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद सरवरअली अंसारी ने आक्रामक रवैया अपनाते हुए एक पुलिसकर्मी को धक्का दिया और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। इसी दौरान थाने में मौजूद दूसरे आरोपी अख्तरअली अंसारी ने भी पुलिस अधिकारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और धमकी दी। आरोप है कि दोनों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए अधिकारियों को ड्यूटी करने से रोकने की कोशिश की। भोईवाडा पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फरार आरोपी की तलाश जारी है और मामले की जांच पुलिस अधिकारी सुप्रिया जाधव कर रही हैं।

# महिला पत्रकार से 10 लाख की लूट

## टेम्पो चालक सहित तीन गिरफ्तार

**हिंदमाता संवाददाता @ उल्हासनगर**

उल्हासनगर शहर में एक महिला पत्रकार से 10 लाख रुपए की लूट का मामला सामने आया है। घटना के बाद हिललाइन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टेम्पो चालक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### सामान शिफ्टिंग के दौरान साजिश

शिकायतकर्ता शिल्पा वसंत ठक्कर (50) टिटवाला से नेवाली नाका स्थित अपने घर में घरेलू सामान शिफ्ट कर रही थीं। इस दौरान टेम्पो चालक सिकंदर शेख और दो कुली मनोज यादव थोके व योगेश भगवान वाघ ने मिलकर लूट की साजिश रची।

### मौका पाकर की चोरी

सामान उतारते समय शिकायतकर्ता घर के अंदर व्यस्त थीं। इसी दौरान आरोपियों ने उनकी नजरों से बचकर 6 लाख रुपए नकद, 8 तोला सोने के गहने और चांदी के आभूषण सहित कुल करीब 10.05 लाख रुपए का माल चुरा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही हिललाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीप शिवले ने बताया कि आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है और मामले की आगे जांच जारी है।

# पानी चोरी का भंडाफोड़ मनपा की सख्त कार्रवाई

## अवैध कनेक्शन लेने पर प्लंबर के खिलाफ केस

**हिंदमाता संवाददाता @ भिवंडी**

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका ने पानी चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक प्लंबर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी पर नगर निगम की जल पाइपलाइन में छेड़छाड़ कर अवैध कनेक्शन लेने का आरोप है। महानगरपालिका के अनुसार, निजामपुरा के आमपाडा स्थित 12 चाळी मारवा कॉम्प्लेक्स के पास निरीक्षण के दौरान यह मामला उजागर हुआ। जांच में सामने आया कि प्लंबर मोहम्मद इस्लाम ईशा शाह उर्फ गुड्डू ने बिना अनुमति जलवाहिनी में छेद कर आधे इंच के चार अवैध कनेक्शन ले रखे थे।

इस अवैध कृत्य से महानगरपालिका को करीब 34,800 रुपए का नुकसान हुआ है, जिसमें पानी चोरी, खुदाई शुल्क और अन्य शुल्क शामिल हैं। इस मामले में शांतीनगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई मनपा आयुक्त और अतिरिक्त आयुक्त के निर्देश पर कार्यकारी अभियंता संदीप पटणावर के मार्गदर्शन में की गई। महानगरपालिका ने चेतावनी दी है कि शहर में पानी चोरी और अवैध कनेक्शन के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# उल्हासनगर में शिवसेना में शामिल हुए पदाधिकारी

## उद्धव गुट के कई नेता शिंदे गुट में गए संगठन मजबूती पर जोर

**हिंदमाता संवाददाता @ उल्हासनगर**



कल्याण लोकसभा क्षेत्र की संगठनात्मक मजबूती को लेकर डोंबिवली में आयोजित बैठक में शिवसेना के भीतर बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया। इस दौरान शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के उल्हासनगर शहर प्रमुख कैलास तेजी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) में शामिल हो गए। बैठक में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने पदाधिकारियों से संवाद करते हुए संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारी पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याएं और सुझाव भी सुने, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। इसी दौरान कैलास तेजी, उप शहर प्रमुख राजू माने, विभाग संयोजक निरंजन दास, महिला शहर संयोजक जया तेजी और कुसुम माने सहित कई पदाधिकारियों ने शिंदे गुट का दामन थाम लिया। यह प्रवेश उल्हासनगर महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, राजेश मोरे, उप नेता रवींद्र फाटक सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस घटनाक्रम के बाद कल्याण लोकसभा क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना जताई जा रही है।

# भिवंडी में दो बड़ी चोरियां दुकान से लाखों का माल पार

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

भिवंडी शहर में चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दापोडा स्थित एक गोदाम से लाखों का सामान चोरी हो गया, वहीं पारनाका इलाके में दर्जी की दुकान से कर्मचारी पर ही चोरी का आरोप लगा है। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोदाम में सेंधमारी

दापोडा के जे-15, सिद्धीनाथ कॉम्प्लेक्स स्थित एक गोदाम में अज्ञात चोरों ने खिड़की की ग्रिल तोड़कर अंदर प्रवेश किया। शिकायतकर्ता स्वप्नील कृष्णत चोरगे (31) ने पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना 8 अप्रैल की तड़के करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है।

### 2.50 लाख का माल चोरी

चोरों ने औजार की मदद से गोदाम में रखे 22 नल और ड्राय वॉटर से जुड़ा सामान चोरी कर लिया। चोरी गए माल की कीमत करीब 2.50 लाख आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

### दर्जी की दुकान में चोरी

दूसरी घटना पारनाका मंडई क्षेत्र की है, जहां एक दर्जी की दुकान से करीब 1.70 लाख रुपए का माल चोरी हो गया। दुकान मालिक संजय प्रकाश चाडने (38) ने भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, दुकान में काम करने वाला कर्मचारी मो. नसीम (49) 7 और 8 अप्रैल की रात के बीच माल लेकर फरार हो गया।

**हिंदमाता एंकर:** ट्रैफिक जाम की समस्या के छुटकारा दिलाने को लेकर सड़क के किनारे खड़ी लावारिस गाड़ियों के खिलाफ एक्शन शुरू

# लावारिस गाड़ियों पर मनपा का एक्शन, 19 वाहन जब्त

**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**

ठाणे शहर के लोकमान्य नगर, सावरकर नगर में होने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या के छुटकारा दिलाने को लेकर सड़क के किनारे खड़ी लावारिस गाड़ियों के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। सड़कों पर गैर-कानूनी तरीके से पार्क की गई लावारिस गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मनपा की तरफ से की गई कार्रवाई के दौरान, 19 लावारिस गाड़ियां जब्त की गई और फुटपाथ पर से अतिक्रमण हटाकर फुटपाथ को नागरिकों के लिए खोल दिया गया। रुकावट पैदा करने की कोशिश की गई लोकमान्य सावरकर प्रभाग समिति के महात्मा फुले नगर, कोरस रोड, वेदांता कॉम्प्लेक्स फ्रंट रोड, यशोधन नगर, लोकमान्य बस डिपो इलाके में अतिक्रमण और लावारिस गाड़ियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया।



### तीन पहिया और दोपहिया वाहन किए जब्त

इस कार्रवाई में बाटा कंपाउंड में कुल 4 चार पहिया, 3 तीन पहिया और 12 दोपहिया वाहन जब्त किए गए। इसके साथ ही इलाके में फुटपाथ पर से अतिक्रमण हटाकर नागरिकों के लिए रास्ता साफ किया गया। इस कार्रवाई के दौरान बाटा कंपाउंड में तोड़फोड़ और रुकावट पैदा करने की कोशिश की गयी। जिसको लेकर सदानंद विश्वकर्मा नामक व्यक्ति के खिलाफ राबोडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया है।

### लावारिस गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई

बताया गया कि 3 और 4 अप्रैल को दो दिन 16 लावारिस गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि मार्च महीने में प्रभाग समिति के तहत कुल 32 लावारिस गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस अभियान से ठाणे शहर ट्रैफिक को आसान बनाने और सार्वजनिक जगहों पर अनुशासन बनाए रखने में मदद मिल रही है।

## शॉर्ट स्टोरी

### कल्याण में कांग्रेस की बैठक संपन्न

**हिंदमाता संवाददाता @ कल्याण**




कल्याण में कांग्रेस पार्टी की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूत करने, आगामी चुनावों की तैयारी और स्थानीय नेतृत्व को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की निरीक्षक डॉ. पलक वर्मा, एमपीसीसी निरीक्षक तुकाराम रेंगे पाटील, रानी अग्रवाल, शाह आलम, प्रदेश सचिव नवीन सिंह और जिलाध्यक्ष राजाभाऊ पातकर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य आकर्षण कल्याण-डोंबिवली जिला अध्यक्ष पद को लेकर रहा। इस पद के लिए चार प्रमुख नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश की और अपनी कार्यप्रणाली व उपलब्धियों को सामने रखा। पार्टी निरीक्षकों ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की राय जानने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभिन्न स्तरों पर संवाद कर संगठन की स्थिति और नेतृत्व को लेकर सुझाव एकत्र किए जा रहे हैं। इन सभी मतों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पार्टी के दिल्ली स्थित वरिष्ठ नेतृत्व को भेजी जाएगी, जिसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और संगठन को और मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

### मीरा-भायंदर में आंबेडकर प्रतिमा निर्माण तेज

**हिंदमाता संवाददाता @ मीरा-भायंदर**



मीरा-भायंदर नगर पालिका क्षेत्र के घोड़बंदर स्थित सर्वे नंबर 233 पर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 16 फुट ऊंची पूर्ण प्रतिमा के निर्माण कार्य में तेजी आ गई है। इस परियोजना के लिए सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से 1 करोड़ 46 लाख रुपए की निधि स्वीकृत की गई है। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने मंत्रालय में सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसात के साथ हुई बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिमा स्थापना की प्रक्रिया अगले छह महीनों में पूरी होने की संभावना है। बैठक में विभागीय सचिव हर्षदीप कांबले, नगर आयुक्त राधा बिनोद शर्मा, नगर अभियंता दीपक खंबित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि करीब 3800 वर्ग मीटर भूमि जिला कलेक्टर के माध्यम से सामाजिक न्याय विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है। पहले इस स्थल पर स्मारक और बहुउद्देशीय भवन के लिए 14 करोड़ रुपए मंजूर हुए थे, बाद में 20 करोड़ रुपए की अतिरिक्त निधि भी स्वीकृत की गई। सरनाइक ने कहा कि स्थानीय मांग को ध्यान में रखते हुए 16 फुट की प्रतिमा स्थापित करने की पहल की गई है। इसके लिए करीब 200 वर्ग मीटर भूमि नगर निगम को हस्तांतरित की जा रही है। आवश्यक अनुमतियों की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही कार्य में और तेजी आने की उम्मीद जताई गई है।

### डिजिटल जनगणना की तैयारी तेज

**हिंदमाता संवाददाता @ विरार**




देश में पहली बार पूरी तरह डिजिटल रूप में होने जा रही जनगणना 2027 को लेकर वसई-विरार महानगरपालिका ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 6 से 16 अप्रैल के बीच आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहली बैच के क्षेत्रीय प्रशिक्षकों को आधुनिक तकनीक के जरिए जनगणना कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल डेटा एंट्री, मोबाइल ऐप के उपयोग और सीएमएमएस पोर्टल पर कार्यप्रणाली की जानकारी प्रायोगिक सत्रों के माध्यम से दी गई। जनगणना कार्यालय के संजय नाईक और मास्टर ट्रेनर डॉ. महादेव दिनकर इरकर ने घर सूचीकरण, घरगणना प्रक्रिया और प्रगणकों की नियुक्ति से जुड़ी अहम जानकारी साझा की। नगरपालिका में यह प्रक्रिया आयुक्त पृथ्वीराज बी.पी., अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे और उपायुक्त हर्षला राणे के नेतृत्व में संपन्न होगी। पहली बार नागरिकों को 1 से 15 मई 2026 के बीच स्व-गणना का विकल्प भी मिलेगा। इसके बाद 16 मई से 14 जून तक घर-घर सर्वे किया जाएगा, जिसमें सामाजिक और आर्थिक जानकारी जुटाई जाएगी। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय अभियान में सहयोग करें।

### गंदगी देख भड़की महापौर

**हिंदमाता संवाददाता @ कल्याण-डोंबिवली**



कल्याण-डोंबिवली महापौर हर्षाली चौधरी ने महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती से पहले कल्याण स्टेशन परिसर का दौरा किया। महापौर ने महात्मा फुले चौक और आंबेडकर उद्यान का जायजा लिया। प्रतिमा के आसपास गंदगी, अवैध फेरीवालों की भीड़ और दोपहिया पार्किंग देखकर वे नाराज हुईं। बतादें की महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती से पहले केडीएमसी महापौर हर्षाली चौधरी ने कल्याण स्टेशन परिसर स्थित महात्मा फुले चौक और आंबेडकर उद्यान का निरीक्षण किया। फेरीवालों की भीड़, गंदगी और बेतरतीब पार्किंग देखकर महापौर नाराज हुईं। निरीक्षण में प्रतिमा के आसपास गंदगी और अव्यवस्थित दोपहिया पार्किंग पाए जाने पर उन्होंने अधिकारियों को तत्काल सफाई और वाहनों को हटाने के निर्देश दिए। मौके पर पुलिस ने कई वाहनों पर कार्रवाई भी की, वहीं फेरीवालों पर भी कार्रवाई के आदेश दिए गए। महापौर ने दोनों स्थलों के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि जयंती के मौके पर परिसर व्यवस्थित दिखे। इस दौरान शिवसेना जिला प्रमुख अरविंद मोरे, नगरसेवक प्रतीक पेंणकर, एसीपी कल्याणजी घेटे, सहायक आयुक्त धनंजय थोरात सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 1700 सेवानिवृत्त कर्मियों का बकाया अटका, 21 अप्रैल से आमरण अनशन

**हिंदमाता संवाददाता @ उल्हासनगर**



उल्हासनगर महानगरपालिका के करीब 1700 सेवानिवृत्त कर्मचारी और अधिकारी पिछले 10 वर्षों से अपने बकाया भुगतान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर अब 21 अप्रैल 2026 से मनपा मुख्यालय के सामने आमरण भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की गई है। इस आंदोलन में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अग्निशामक विभाग प्रमुख भी शामिल होंगे। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के अनुसार, वर्ष 2016 से अब तक सातवें वेतन आयोग का लाभ, पेंशन, उपदान और अवकाश अंतर की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इससे सैकड़ों कर्मचारी आर्थिक रूप से परेशान हैं। संघ ने 17 मार्च 2026 को आयुक्त मनीषा अव्हाले को पत्र देकर अपनी मांगें रखीं थीं। अब तक छह बार पत्राचार के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कर्मचारियों का करीब 32 करोड़ रुपए बकाया बताया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष बालासाहेब नेटके ने बताया कि बार-बार मांग करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर अब आमरण अनशन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।

### मानसून पूर्व नालों का निरीक्षण

**हिंदमाता संवाददाता @ वसई**



आगामी मानसून को देखते हुए वसई-विरार महानगरपालिका ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आयुक्त पृथ्वीराज बी.पी. ने 9 अप्रैल को शहर के विभिन्न हिस्सों का दौरा कर नालों, गटारों और जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य बारिश के दौरान संभावित जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति से नागरिकों को राहत देना है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख नालों, जलनिकासी स्थलों और हर वर्ष पानी भरने वाले गहरे क्षेत्रों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि नालों की सफाई, गाद हटाने और अवरोध दूर करने का कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। आयुक्त ने जलभराव वाले इलाकों में अतिरिक्त पंपिंग व्यवस्था, आपातकालीन नियंत्रण कक्ष सक्रिय रखने तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे, दीपक सावंत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे नालों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखें, ताकि मानसून में शहर को जलभराव से बचाया जा सके।

# वियतनाम की दिग्गज कंपनी महाराष्ट्र में करेगी 8.5 अरब डॉलर का निवेश

## विन ग्रुप और एमएमआरडीए के बीच ऐतिहासिक समझौता

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



स्थायी नागरिक विकास, औद्योगिक प्रगति और आधुनिक बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के लिए वियतनाम की प्रसिद्ध कंपनी 'विन ग्रुप जॉइंट स्टॉक कंपनी' ने महाराष्ट्र में 8.5 अरब अमेरिकी डॉलर के विशाल निवेश की घोषणा की है। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में उद्योग विभाग और मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया है कि इस निवेश से राज्य में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। इस समझौते के तहत विन ग्रुप अगले दो वर्षों में राज्य के लगभग 5,000 एकड़ क्षेत्र पर विभिन्न परियोजनाएं स्थापित करेगा। इसमें मुख्य रूप से 'स्मार्ट रेजिडेंशियल टाउनशिप' पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। लगभग 2,700 एकड़ क्षेत्र में विश्व स्तरीय और पर्यावरण के अनुकूल एकीकृत टाउनशिप विकसित की जाएगी। करीब दो लाख की आबादी की क्षमता वाली इस टाउनशिप से आधुनिक शहरी विकास को एक नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मुंबई और रायगढ़ क्षेत्र भविष्य में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाला सबसे गतिशील शहरी हिस्सा बनेगा।

### बड़े पैमाने पर रोजगार और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी

■ विन ग्रुप के इस भारी-भरकम निवेश से राज्य में लगभग 24,700 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। बुनियादी ढांचे के साथ-साथ राज्य में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा शुरू करने का प्रस्ताव है। इसके लिए 'मोबिलिटी-इज-ए-सर्विस' प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा। साथ ही, 'वी ग्रीन' के माध्यम से पूरे राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क का जाल बिछाया जाएगा, जिससे प्रदूषण मुक्त परिवहन को गति मिलेगी।

### स्वास्थ्य, शिक्षा व ऊर्जा क्षेत्र का कायाकल्प

■ सामाजिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए विन ग्रुप 'विन स्कूल' के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्कूल और 'विनमेक' के जरिए मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करेगा, स्वच्छ ऊर्जा को प्राथमिकता देते हुए 1,200 एकड़ जमीन पर 500 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए 865 एकड़ क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर का थीम पार्क, चिड़ियाघर और सफारी परियोजना बनाने की योजना है।

### निवेशकों को सरकार का पूर्ण सहयोग

■ मुख्यमंत्री के शासकीय निवास 'वर्षा' में आयोजित इस कार्यक्रम में एमएमआरडीए आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव पी। अनबलगन और विन ग्रुप के सीईओ फरम सान्ह चाउ ने समझौते पर हस्ताक्षर किए, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निवेशकों को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार की पूरी मशीनरी उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगी, उन्होंने कहा कि राज्य प्रशासन किसी भी समस्या को हल करने में सक्षम है और निवेशकों को कोई भी कठिनाई होने पर सीधे संपर्क करने का आह्वान किया।

# मालाड के दंगाइयों के घर पर चला बुलडोजर

## • आरोपी पर ड्रग्स तस्करी का भी आरोप

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



मुंबई के मालाड (पूर्व) स्थित दिंडोशी इलाके में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले उपद्रवियों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। रविवार (5 अप्रैल) की रात संतोष नगर में 'देवी मरियम्मा' की पूजा और त्रिशूल यात्रा के दौरान हुए दंगे के आरोपियों के अवैध निर्माण पर आज बृहन्मुंबई नगर निगम ने बुलडोजर चला दिया। इस दंगे में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें महिलाएं और नाबालिग भी शामिल हैं। यह हिंसा उस समय भड़की थी जब लाउडस्पीकर पर भजन बजाने को लेकर मुस्लिम समुदाय के कुछ युवकों ने हिंदू युवकों की पिटाई कर दी थी। इसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और दो गुटों के बीच हिंसक झड़प शुरू हो गई।

### ड्रग्स तस्करी और अवैध निर्माण का खुलासा

■ पुलिस की प्रारंभिक जांच में दंगाइयों का एक खौफनाक चेहरा सामने आया है। जांच के दौरान पता चला कि दंगा भड़काने वाला शेख परिवार लंबे समय से इलाके में ड्रग्स के अवैध कारोबार में लिप्त है। तलाशी के दौरान आरोपियों के घर से ड्रग्स के पैकेट भी बरामद हुए हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस परिवार ने इलाके में दहशत फैला रखी थी और अवैध रूप से तीन मंजिला घर बनाकर उस पर मोबाइल टावर भी लगा रखा था।

■ ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि आरोपियों ने पिछले 5 महीनों से एक नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन इसलिए नहीं होने दिया क्योंकि उन्हें लगता था कि इससे उनके घर में बदबू आएगी।

### बीएमसी का 24 घंटे का नोटिस और एक्शन

दंगे के बाद बीएमसी ने अवैध निर्माण को लेकर शेख परिवार के घर पर नोटिस चस्पा किया था। नोटिस का जवाब देने के लिए दिए गए 24 घंटों की समय सीमा समाप्त होते ही, आज गुरुवार (9 अप्रैल 2026) को बीएमसी की टीम बुलडोजर और पुलिस बल के साथ संतोष नगर पहुंची। प्रशासन ने अवैध रूप से बनी मंजिलों और अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया है।

### पुलिस की गिरफ्त में 11 आरोपी

दिंडोशी पुलिस ने इस मामले में शेख परिवार के मुख्य सदस्यों—सोयल शेख, शाबू शेख (महिला), फिरोज शेख और मुनीर शेख समेत कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, स्थानीय लोगों ने पुलिस पर यह आरोप भी लगाया कि दंगा करने वाले मुख्य आरोपी मौके से भाग गए और पुलिस ने पूजा में बैठे नाबालिगों पर लाठीचार्ज किया। फिलहाल, इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया है और स्थिति नियंत्रण में है।

# एसबीएल कंपनी का विस्फोटक नागपुर के रिहायशी इलाके में कैसे आया?

## पीईएसओ और एटीएस की जांच में सामने आया चौंकाने वाला सच

**हिंदमाता नेटवर्क @ नागपुर**



नागपुर के दोसर भवन चौक पर मंगलवार को मिले विस्फोटक का मामला और गंभीर होता जा रहा है। रिहायशी इलाके में इस तरह विस्फोटक मिलने से वैसे भी नागिरक दहशत में हैं। पुलिस ने विस्फोटक का पता लगाने के लिए जांच शुरू की लेकिन इस जांच में और भी बड़ा खुलासा हुआ है। जो विस्फोटक बरामद किए गए उनमें न तो बैच नंबर था और न ही बारकोड। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर विस्फोटक लाने वाले का सुराग कैसे मिलेगा? ज्ञात हो कि मंगलवार को दोसर भवन चौक के समीप रहने वाले प्रा. उज्ज्वल लांजेवार के घर के सामने झाड़ियों में थैलियां बरामद हुईं। इन थैलियों में 58 डेटोनेटर और 15 जिलेटिन थीं। पुलिस ने बीडीडीएस की मदद से विस्फोटक सामग्री को मैग्जीन में सुरक्षित जब्त कर लिया।

### एसबीएल एनर्जी कंपनी का एक्सप्लोसिव

■ शुरूआती जांच में ही यह स्पष्ट हो गया कि विस्फोटक एसबीएल एनर्जी एक्सप्लोसिव कंपनी से निकला था। पुलिस ने एसबीएल से डिस्ट्रिब्यूटरों को भेजे गए स्टॉक की जांच शुरू की। कंपनी से निकलने वाली जिलेटिन की छड़ियों में बारकोड होता है जिससे उसके उत्पादन का पता चलता है।

■ बारकोड से यह पता लगाया जा सकता है कि आखिर विस्फोटक किसे बेचा गया। लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि बरामद की गई जिलेटिन की छड़ियों में बारकोड भी नहीं था। अब लगता है, ये विस्फोटक अवैध तरीके से कंपनी के बाहर निकले हैं।

### 2 दिन पहले पेसो ने की थी जांच

■ जानकारी मिली है कि सोमवार को ही पेसो के अधिकारियों ने एसबीएल कंपनी का मुआयना किया था। इसमें कंपनी में पड़े स्टॉक और सप्लाई की गई सामग्री की भी जांच की गई। सारा रिकॉर्ड सही था। दूसरे ही दिन दोसर भवन चौक पर इसी कंपनी का विस्फोटक मिलना आश्चर्य की बात है। उस पर भी बारकोड या बैच नंबर न हो तो मामला और गंभीर हो जाता है।

■ लावारिस स्थिति में बरामद किया गया विस्फोटक एसबीएल कंपनी का होने की जानकारी मिलने पर ग्रामीण पुलिस के एसपी हर्ष पोद्दार और एडिशनल एसपी अनिल मस्के ने दल-बल के साथ कंपनी का मुआयना किया। कंपनी में रखा सारा माल सुरक्षित था। कुछ भी संदिग्ध गतिविधि पुलिस को नहीं मिली है।

# पेट्रोल पंप पर युवती की दिनदहाड़े गला रेतकर हत्या

## कचनेर गांव से आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

**हिंदमाता नेटवर्क @ छत्रपति संभाजीनगर**



छत्रपति संभाजीनगर जिले के करमाड क्षेत्र से एक रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है। गुरुवार (9 अप्रैल 2026) दोपहर करीब साढ़े बारह बजे, एक इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर काम करने वाली युवती की उसके ही परिचित युवक ने सरेआम गला रेतकर हत्या कर दी। इस जघन्य हत्याकांड ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और सार्वजनिक सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक युवती की पहचान पूजा सुदाम गावंडे के रूप में हुई है, जो करमाड स्थित पेट्रोल पंप पर कर्मचारी के तौर पर तैनात थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी सत्यम रावसाहेब गावंडे को कुछ ही घंटों के भीतर कचनेर गांव से गिरफ्तार कर लिया है।

### विवाद के बाद सरेआम हमला

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पूजा हमेशा की तरह अपने काम में व्यस्त थी, तभी सत्यम वहां पहुंचा। दोनों के बीच पहले से जान-पहचान थी। किसी बात को लेकर उनके बीच तीखी बहस शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि सत्यम ने अपना आपा खो दिया और पास रखा धारदार चाकू निकालकर पूजा के गले पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमला इतना भीषण था कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण पूजा की मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सत्यम मौके से फरार हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही करमाड पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने तुरंत अलग-अलग टीमें बनाकर आरोपी का पीछा किया और तकनीकी सर्विलांस व गुप्त सूचना के आधार पर उसे कचनेर गांव से धर दबोचा।


### प्रेम प्रसंग और आपसी विवाद की आशंका

संभाजीनगर पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी और पीड़िता के बीच प्रेम संबंध थे। पिछले कुछ समय से उनके बीच किसी बात को लेकर गहरा तनाव चल रहा था। पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि क्या यह 'प्री-प्लान्ड' मर्डर था या विवाद के दौरान अचानक उपजे गुस्से का परिणाम। दिनदहाड़े पेट्रोल पंप जैसे व्यस्त स्थान पर हुई इस हत्या से नागरिकों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। पुलिस फिलहाल घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और गवाहों के बयान दर्ज कर रही है ताकि केस को पुख्ता बनाया जा सके।

# 'टेरर फंडिंग', बड़े हवाला रैकेट का खुलासा

## नकली पासपोर्ट संग हिरासत में एक संदिग्ध

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**




मुंबई पुलिस की स्पेशल ब्रांच और एंटी-टेररिज्म ब्रांच ने मालाड ईस्ट के कुरार इलाके में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय हवाला रैकेट और संभावित टेरर फंडिंग नेटवर्क का पदार्फाश किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की तीन संयुक्त टीमों ने मालाड के तीन अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस ऑपरेशन में मोहम्मद इस्लाम इस्माइल खान (49) नामक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है, जो 'सलीम रहमतुल्लाह शेख' की फर्जी पहचान के साथ फर्जी पासपोर्ट पर भारत और कुवैत के बीच लगातार यात्राएं कर रहा था। पुलिस ने मालाड ईस्ट के फातिमा टावर, सुगरा पार्क और पारेख ओवरसीज स्थित कार्यालय पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

### कुवैत यात्रा और संदिग्ध फंडिंग

जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी मोहम्मद इस्लाम ने जाली दस्तावेजों के आधार पर 'सलीम रहमतुल्लाह शेख' के नाम से पासपोर्ट बनवाया था। वह अक्सर कुवैत की यात्रा करता था। पुलिस को संदेह है कि वह हवाला नेटवर्क के जरिए विदेशों से पैसा मंगाकर भारत में अवैध वित्तीय गतिविधियों और आतंकवाद के लिए संदिग्ध वित्तपोषण में शामिल था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने फर्जी पहचान का उपयोग कर यात्रा करने की बात स्वीकार कर ली है।

### नगदी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त

छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं:

■ 12,47,650 की भारतीय नगदी। लगभग 2 लाख मूल्य के कुवैती दीनार।

■ 9 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक आईपैड और कई जाली पासपोर्ट।

■ बैंक वायर ट्रांसफर के रिकॉर्ड और बड़ी संख्या में संदिग्ध दस्तावेज।

■ जब्त की गई कुल संपत्ति का मूल्य लगभग 14.07 लाख आंका गया है। पुलिस अब जब्त किए गए लैपटॉप और मोबाइल के जरिए यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी किन लोगों के संपर्क में था।

### अवैध नागरिकों के खिलाफ कड़ा अभियान

मुंबई पुलिस ने पिछले कुछ महीनों से शहर में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों और संदिग्धों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में हाल ही में वाकोला से दो युगांडा की महिलाओं और फरवरी में 30 से अधिक अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया था। कुरार पुलिस ने आरोपी मोहम्मद इस्लाम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, पासपोर्ट अधिनियम और फेमा की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। एटीबी अब इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि क्या इस हवाला रैकेट का संबंध किसी बड़े आतंकी संगठन से तो नहीं है।

# मुंबई से यूपी के लिए चलेंगी 2 स्पेशल ट्रेनें, रूट और टाइमिंग भी हो गई तय

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

रेलवे प्रशासन मई माह में मुंबई की ओर जाने वाली ट्रेनों में अधिक वेटिंग लिस्ट को देखते हुए दो और स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। यह ट्रेनें वाराणसी और सुलतानपुर से लखनऊ होकर एलटीटी तक 20 मई से सप्ताह में एक दिन चलेंगी। उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि 04212 स्पेशल सुलतानपुर से 20 मई से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को सुबह चार बजे छूटेगी। यह ट्रेन लखनऊ सुबह 6:20 बजे होते हुए गुरुवार को दोपहर 12:20 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

14 अप्रैल तक नहीं पूरा होगा आंबेडकर चौक का सुंदरीकरण

वापसी में 04211 स्पेशल एलटीटी से 21 मई से 16 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 2:35 बजे चलकर शुक्रवार रात 8:50 बजे लखनऊ होते हुए सुलतानपुर रात 11 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन का ठहराव लखनऊ, कानपुर, उरई, वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी जंक्शन, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खंडवा, भुसावल, पाचोरा, चालीसगांव, नासिक रोड, कल्याण और ठाणे स्टेशनों पर होगा। ट्रेन में एसी थर्ड इकोनोमी की 14 और जनरल श्रेणी की चार बोगियां होंगी।

वहीं, 04226 स्पेशल वाराणसी से 21 मई से नौ जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को रात 1:35 बजे चलकर लखनऊ सुबह 6:20 बजे होते हुए एलटीटी शुक्रवार दोपहर 12:20 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04225 स्पेशल एलटीटी से 22 मई से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 2:35 बजे चलकर अगले दिन लखनऊ रात 8:50 बजे होते हुए वाराणसी रात 2:05 बजे पहुंचेगी।

# दहिसर-मीरा भायंदर मेट्रो लाइन 9 शुरू

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

मुंबई के दहिसर-मीरा भायंदर मेट्रो लाइन 9 के पहले चरण के शुरू होते ही बुधवार को काशीगांव मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह के ऑफिस आवर में टिकट काउंटर से लेकर एंट्री गेट तक लंबी कतारें देखने को मिली। हालांकि भीड़ के बावजूद यात्रियों के चेहरों पर राहत और उत्साह साफ झलक रहा था। मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाई थी, और अगले ही दिन से सेवा शुरू होते ही इसका असर साफ दिखाई दिया। मीरा भायंदर के लोगों को अब पहली बार मुंबई की ओर सीधे और तेज सफर का विकल्प मिला है।

### सफर हुआ तेज, विकल्प बेहतर

अधिकांश यात्रियों का मानना है कि मेट्रो के शुरू होने से न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि रोजाना की यात्रा भी ज्यादा आरामदायक बनेगी। कई लोगों ने कहा कि वे अब बस और निजी वाहनों की बजाय मेट्रो को प्राथमिकता देंगे। अंधेरी से काशीगांव तक 19.79 किलोमीटर लंबे गुंडावली-काशीगांव मार्ग पर संयुक्त सेवाएं शुरू होने से अब अंधेरी पूर्व से काशीगांव तक सीधी यात्रा संभव हो गई है। यह कनेक्टिविटी मुंबई और मीरा भायंदर के बीच आवागमन को पूरी तरह बदलने वाली साबित हो सकती है।

# एनए प्रक्रिया में नहीं काटने होंगे चक्कर!

## डिजिटल होगा काम, क्रेडाई की मांगों के आगे झुकी सरकार

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



महाराष्ट्र के निर्माण क्षेत्र (रियल एस्टेट) को गति देने और प्रशासनिक जटिलताओं को कम करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कई क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने क्रेडाई (सीआरईडीएआई) के प्रतिनिधियों के साथ मंत्रालय में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में निर्माण व्यवसायियों की लंबे समय से लंबित मांगों को मंजूरी दे दी है। सरकार के इन कदमों से न केवल परियोजनाओं की लागत कम होगी बल्कि काम में पारदर्शिता और गति भी आएगी। बैठक में लिया गया सबसे महत्वपूर्ण निर्णय निर्माण के दौरान होने वाले उत्खनन से जुड़ा है। अब तक निर्माण कार्य के लिए नींव खोदते समय निकलने वाले गौण खनिजों पर भारी रॉयल्टी देनी पड़ती थी।

### बावनकुले ने मानी क्रेडाई की मांगें

राजस्व मंत्री ने स्पष्ट किया है कि यदि खुदाई के दौरान निकलने वाले गौण खनिज का उपयोग उसी निर्माण स्थल (साइट) पर किया जाता है तो उस पर कोई रॉयल्टी नहीं ली जाएगी। इसके साथ ही रॉयल्टी भुगतान की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाते हुए इसे 6 महीने की अवधि के लिए लागू करने का निर्णय लिया गया है, जिससे विकासकों को वित्तीय राहत मिलेगी।

### पंजीकरण और त्वरित अमल

क्रेडाई की एक प्रमुख मांग को स्वीकार करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी दस्तावेज के पंजीकरण के तुरंत बाद उसकी प्रविष्टि प्रॉपर्टी कार्ड पर अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। इन सभी तकनीकी और प्रशासनिक सुधारों को धरातल पर उतारने के लिए मुंबई नगर निगम की आयुक्त अश्विनी भिड़े और जमाबंदी आयुक्त रवींद्र बिनवडे के साथ विशेष बैठकों का आयोजन किया गया है। क्रेडाई ने सरकार के इन फैसलों का स्वागत करते हुए विश्वास जताया है कि इससे राज्य के रियल एस्टेट क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार होगा।

**हिंदमाता एंकर: बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा- पति पर एफआईआर होनी चाहिए**

# पत्नी को रसोई में जाने से रोकना क्रूरता!

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर खंडपीठ ने वैवाहिक अधिकारों और महिलाओं की गरिमा को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि पत्नी को रसोई (किचन) में जाने से रोकना और उसे बाहर से खाना लाने के लिए मजबूर करना मानसिक उत्पीड़न है। यह फैसला न्यायमूर्ति जस्टिस उर्मिला जोशी-फाल्के की एकल पीठ ने सुनाया। अदालत ने पति के खिलाफ दर्ज उत्पीड़न के मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया और स्पष्ट किया कि इस तरह का व्यवहार सिर्फ घरेलू विवाद नहीं बल्कि महिला के सम्मान पर सीधा हमला है।

### क्या था पूरा मामला?

यह मामला अकोला की रहने वाली एक महिला से जुड़ा है, जिसका विवाह नवंबर 2022 में नागपुर के एक व्यक्ति से हुआ था। शुरुआत में सब कुछ सामान्य था, लेकिन कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। महिला ने आरोप लगाया कि उसे घर में दोयम दर्जे का व्यवहार दिया गया और उसके बुनियादी अधिकार भी छीन लिए गए। सबसे गंभीर आरोप यह था कि उसे किचन में जाने से रोका गया और घर में खाना बनाने का अधिकार तक नहीं दिया गया। उसे बाहर से खाना मंगाने के लिए मजबूर किया जाता था। इसके अलावा महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसके गहने घर से बाहर फेंक दिए गए, मायके जाने से रोका गया और तलाक के लिए दबाव बनाया गया।

### कोर्ट ने क्या कहा?

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि पत्नी को किचन में जाने से रोकना उसके व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सम्मान का उल्लंघन है। यह व्यवहार मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि रोजमर्रा की जिंदगी की बुनियादी चीजों से किसी को वंचित रखना, उसकी गतिविधियों पर नियंत्रण रखना और लगातार मानसिक दबाव बनाना, उत्पीड़न के स्पष्ट उदाहरण हैं।

### पति की दलील खारिज, लेकिन सास को राहत

■ पति की ओर से यह दलील दी गई थी कि महिला ने तलाक याचिका के बाद बदले की भावना से शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर इस तर्क को खारिज कर दिया।

■ हालांकि, अदालत ने पति के खिलाफ मामला जारी रखा, लेकिन महिला द्वारा आरोपी बनाई गई सास को बड़ी राहत द। अदालत ने कहा कि सास के खिलाफ लगाए गए आरोप सामान्य और अस्पष्ट थे। केवल पति की मां होने के नाते उन्हें अपराधी नहीं माना जा सकता। अदालत ने सास के खिलाफ दर्ज मामला रद्द करने का निर्देश दिया।

■ इस फैसले को महिलाओं के अधिकारों और वैवाहिक जीवन में सम्मान की दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि घर के अंदर भी किसी महिला के साथ भेदभाव या अपमानजनक व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

**वसई-विरार शहर महानगरपालिका**
प्रभाग समिति 'जी' वालीव
विभागीय कार्यालय : जुचंद्र
दुरध्वनी क्र. ९६६५००३८८७
वालीव नाका, वसई (पूर्व)
ता. वसई, जि. पालघर - ४०१२०८

ईमेल - prabaagsamitiwaliv@gmail.com
जावक क्र. वविशम/विवा/43/26-27
दिनांक - 09/04/2026

**जााहर नाटास**

महाराष्ट्र प्रांतिक महानगरपालिका अधिनियम १९४९ चे कलम ४९९ अन्वये जाहिर नोटीस खालील मालमत्तेच्या हस्तांतरण संबंधाने वसई विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय जुचंद्र येथे प्राप्त झालेल्या मालमत्ता धारकाच्या प्रकरण परत्वे नोटिसीनुसार सदर हस्तांतरण संदर्भाने कोणत्याही हितसंबंधाने हरकत अगर आक्षेप अगल्यास हि नोटीस प्रसिद्धझाल्यापासून ७ दिवसांच्या आत हितसंबंध हरकतीच्या लेखी पुराव्यासह वसई विरार शहर महानगरपालिका विभागीय कार्यालय वालीव येथे लेखी स्वरूपात हरकत नोंदवावी अन्यथा करवसुलीच्या सोयीसाठी हस्तांतरण करून महानगरपालिका दफ्तरी नोंद घेननी जाईल.

| अ. क्र. | विभाग | मालमत्ता क्रमांक | ज्याचे नावे मालमत्ता आहे त्याचे म्हणजेच विकणाऱ्याचे नाव | खरेदीदाराचे किंवा अभिहस्तांकन करदात्याचे नाव |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जुचंद्र | JC03/624/18 | मिल्टन फॅन्क | सिसिली डी. मायकल |
| 2. | जुचंद्र | JC01/1053/26 | चंदन सुरेंद्रनाथ गुप्ता | निहाला पटेल/सिमा पटेल |
| 3. | जुचंद्र | JC01/1620/42 | सुनिलकुमार रामदिन शर्मा व इतर | गीता पुनवाशी प्रजापती |
| 4. | जुचंद्र | JC01/253 | मालतीबाई रामचंद्र म्हात्रे | प्रफल्ल म्हात्रे/राहुल म्हात्रे |
| 5. | जुचंद्र | JC04/1745/66 | रामलाल सेन | रागनी जैस्वार/सुमन जैस्वार |
| 6. | जुचंद्र | JC01/1266/41 | फारूक रऊफ | चंद्रशेखर विश्वकर्मा |
| 7. | जुचंद्र | JC01/1266/4 | इसरतजहां मोहम्मद फारूक | बिपिनकुमार जयप्रकाश सिंग |
| 8. | जुचंद्र | JC02/594/45 | मारी मिनेझेस | मरीना नोरमा मेनेड़ोस |
| 9. | जुचंद्र | JC01/1205/36 | फूलबदन साधू गुप्ता | मंजुळा प्रेमचंद गुप्ता |
| 10. | जुचंद्र | JC01/1100/14 | ओमप्रकाश दिपचंद गुप्ता | रामशंकर |
| 11. | जुचंद्र | JC01/1085/4 | साधना रमेश गुप्ता | अनिता नंदलाल शर्मा |
| 12. | जुचंद्र | JC02/1737/12 | निकीता डेनिस व जे.टी. | प्रतिभा राजेंद्र पवार |
| 13. | जुचंद्र | JC01/1333/19 | अरविंद रामचंद्र राजभर | जयप्रकाश विशम्भर विश्वकर्मा |
| 14. | जुचंद्र | JC04/964/37 | बाबू नायर / रश्मी बाबू नायर | राबीया कासीम शेख |
| 15. | जुचंद्र | JC01/2000/6 | रश्मी हाऊसिंग प्रा.लि. | अब्दुल अली/नुरीना अब्दुस नूर |
| 16. | जुचंद्र | JC01/703 | भरत गोविंद म्हात्रे | सुजाता अजित भोईर |
| 17. | जुचंद्र | JC01/1301/34 | देवेश राजेंद्र गिरी | अजय कुमार गुप्ता |
| 18. | जुचंद्र | JC02/1352/283 | गोरकनाथ मिश्रा | मेघना जयेश आचोळकर |
| 19. | जुचंद्र | JC01/1701/103 | मोहम्मद नईम शेख | प्रवीण दुबे/सोनी दुबे |
| 20. | जुचंद्र | JC03/1032/6 | इनास एम. लोबा/ सावियो इ. लोबो | आरिफा |

सही/-
प्र. सहाय्यक आयुक्त
प्रभाग समिती 'जी' वालीव
वसई विरार शहर महानगरपालिका

## विचार प्रवाह



दुनिया के सारे संगठन अप्रभावी हो जायेंगे यदि यह सत्य कि प्रेम द्वेष से शक्तिशाली होता है उन्हें प्रेरित नही करता।

– सर्वपल्ली राधाकृष्णन

## संपादकीय

# संघर्षरत पक्षों की इच्छाशक्ति से दूर होगा मानवीय संकट

*तमाम किंतु-परंतुओं के बावजूद अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा से दुनिया को उस युद्ध से राहत मिली है, जिसने संघर्षरत पक्षों के अलावा पूरी दुनिया के लोगों के जीवन यापन को गहरे तक प्रभावित किया। निस्संदेह इस युद्ध ने पश्चिम एशिया के रणनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदलने के साथ ही वैश्विक कूटनीति पर असर डाला है। एक माह से अधिक समय तक चले इस युद्ध में विनाशकारी हवाई हमलों, होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी नाकाबंदी और सभ्यता के विनाश के खतरों के बाद अब एक अस्थायी विराम ने पूरी दुनिया को राहत दी है। युद्ध भले ही अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच लड़ा जा रहा था, लेकिन इसने दुनिया के तमाम देशों के नागरिकों, वैश्विक बाजारों और ऊर्जा पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं को गहरे तक प्रभावित किया। उनके लिये अस्थायी युद्ध विराम होना निस्संदेह राहतकारी खबर है। लेकिन इसके बावजूद हकीकत यह है कि इस नाजुक शांति के पीछे कई चिंताजनक सच्चाइयां छिपी हैं। यह सर्वविदित है कि जिन उद्देश्यों को लेकर अमेरिका-इस्राइल ने यह युद्ध शुरू किया था, वे कहीं से पूरे होते नजर नहीं आते। वह बात अलग है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार लक्ष्य पूरे होने की दलील देते रहते हैं। वहीं ईरान भी युद्ध विराम को अपनी सफलता के रूप में दर्शा रहा है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप इस युद्धविराम को अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व के प्रमाण और ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को खत्म करने के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान इसे अपनी रणनीतिक जीत बताता है। उसकी दलील है कि उसने दुनिया की सुपरपॉवर अमेरिका व आक्रामक इस्राइल की सेनाओं के हमलों का अकेले ही मुकाबला किया और वैश्विक तेल आपूर्ति पर अपने प्रभाव को प्रदर्शित किया है। ऐसे में कूटनीति के जानकार आशंका जता रहे हैं कि ये परस्पर विरोधी बयानबाजी स्थायी शांति की दिशा में एक कारगर कदम नहीं, बल्कि महज रणनीति में बदलाव का संकेत है। मौजूदा परिदृश्य व लगातार संवेदनशील घटनाक्रमों के बीच कहना मुश्किल है कि यह युद्धविराम किसी तार्किक परिणति तक पहुंचेगा। कहा नहीं जा सकता कि युद्धविराम के बावजूद इस्राइल पड़ोसी देशों पर हमले रोकेगा। वह कह रहा है कि लेबनान पर उसके हमले जारी रहेंगे। वहीं पाकिस्तान की तरफ से कहा जा रहा है कि समझौते के प्रारूप में लेबनान पर इस्राइल के हमले रोकना भी शामिल है। एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति की 'पल-पल, क्षण-क्षण' बदलती बयानबाजी और दूसरी ओर इस्राइल की आक्रामक रणनीति स्थायी शांति के मार्ग में संदेह के कांटे बोती नजर आती है। ईरान भी कह रहा है कि यदि उस पर इस्राइल के हमले जारी रहते हैं तो वह सीमाओं से परे संघर्ष का विस्तार करेगा, जो निश्चित ही चिंता की बात है। युद्ध विराम की खबरों के बीच इस्राइल का लेबनान में हिजबुल्लाह को निशाना बनाना और हमले में नागरिकों के घायल होने की खबरों ने दुनिया की चिंता को बढ़ाया है। इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू का यह बयान कि लेबनान में संघर्ष का मोर्चा सक्रिय रहेगा, युद्धविराम की सीमाओं को ही दर्शाता है। अमेरिका-ईरान युद्ध के समांतर संघर्षों को नजरअंदाज करने वाला यह युद्धविराम टिकाऊ होगा, इसमें संदेह व्यक्त किया जा रहा है। इस युद्ध के बाद पाकिस्तान के प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरने के बीच युद्धविराम की शर्तों की परस्पर विरोधी व्याख्याएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। विशेष रूप से यूरेनियम संवर्धन और होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण के संबंध में, एक साझा ढांचे की कमी को ही उजागर करता है। आशंका जतायी जा रही है कि युद्ध विराम को लेकर स्पष्टता का अभाव, मामूली उल्लंघन भी समझौते को विफल कर सकते हैं। सही मायनों में देखा जाए तो यह युद्धविराम संघर्षरत पक्षों के इरादे की परीक्षा भी है। निस्संदेह, मौजूदा स्थिति वार्ताओं के लिये एक सीमित अवसर प्रदान करती है। यह भी स्पष्ट करती है कि उपलब्धियां कितनी जल्दी खोई जा सकती हैं। आशंका जतायी जा रही है कि यदि इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ताएं दोनों के पक्षों के बीच जारी मतभेदों को खाई को पाटने में विफल रहती हैं तो जल्द ही क्षेत्र में युद्ध के बादल फिर से मंडरा सकते हैं।*

## आज का इतिहास




- 2008 - सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्रीय शिक्षण संस्थाओं और केंद्र सरकार से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों के लिए 27% आरक्षण को संवैधानिक कराकर दिया। नान्दना एम निलकेनी को नेशनल काउंसिल ऑफ अणलायड इकोनॉमिक रिसर्च का अध्यक्ष चुना गया। पेरु के दक्षिणी इलाके में एक विमान दुर्घटना में पांच फ्रांसीसी पर्यटकों की मौत।
- 2007 - अमेरिका के चार्ल्स सिमोनी अंतरिक्ष में पर्यटन के लिए पहुंचे।
- 2003 - इराक पर अमेरिका का कब्जा।
- 2002 - 15 सालों में पहली बार एलटीटीई के सुप्रीमो वी. प्रभाकरण ने प्रेस कांफ्रेस में भाग लिया।
- 2001-भारत व ईरान के बीच तेहरान घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर।
- 2000 - पाकिस्तान को निर्गुट संगठन से निकालने का भारत का प्रस्ताव गुटनिरपेक्ष देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में मंजूर।
- 1999 - भारत और पाकिस्तान के दो शीर्ष औद्योगिक संघों ने भारत-पाकिस्तान चैम्बर्स आफ कामर्स का विधिवत गठन किया।
- 1998 - उत्तरी आयरलैंड में कैथोलिक एवं प्रोटेस्टेंटों के मध्य समझौता सम्पन्न।
- 1917-महात्मा गांधी ने बिहार में 10 अप्रैल, 1917 को 'चंपारण सत्याग्रह' की शुरूआत की।
- 1868 - इथियोपिया में ब्रिटिश और भारतीय सेना ने टेवॉड्रोज द्वितीय की सेना को हराया और इस युद्ध में 700 इथियोपियन मारे गये, जबकि सिर्फ.दो ब्रिटिश-भारतीय सैनिक शहीद हुए।
- 1824 - राम सिंह पठानिया - भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे।
- 1880 - सी. वाई. चिन्तामणि - स्वतंत्रता पूर्व भारत के प्रतिष्ठित संपादकों तथा उदारवादी दल के संस्थापकों में से एक थे।
- 1894 - घनश्यामदास बिड़ला-भारत के उद्योगपति, स्वतंत्रता-संग्राम सेनानी तथा बिड़ला परिवार के एक प्रभावशाली सदस्य।
- 1897 - प्रफुल्लचंद्र सेन- बंगाल के प्रमुख कांग्रेसी नेता, गांधी जी के अनुयायी और स्वतंत्रता सेनानी थे।
- 1901 - अमिय चक्रवर्ती - बंगाली भाषा के विख्यात साहित्यकार थे।
- 1909 - नौतम भट्ट - भारतीय वैज्ञानिक थे।
- 1927 - मोहम्मद अल्वी - उर्दू के प्रसिद्ध शायर व साहित्यकार थे।
- 1928 - मेजर धनसिंह थापा, परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक

# नारी शक्ति को मिले प्रतिनिधित्व का अधिकार

## महिला आरक्षण के जरिए लोकतंत्र को अधिक समावेशी और सशक्त बनाने का आह्वान

*हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली*



*21वीं सदी की विकास यात्रा में भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह अवसर समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के नए रूप में सामने आएगा। यह ऐसा समय है, जब संसद को एक ऐसा कदम बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा। यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह तब आ रहा है, जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है।*

### त्योहारों और महापुरुषों की प्रेरणा

आने वाले दिनों में असम में रोंगाली बिहू, ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति, पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरूआत होगी और केरलम में विषु पूरे उत्साह से मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत में बैसाखी का। मैं कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन पर्व हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं। इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की है।

### संसद के विशेष सत्र का महत्व

इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारत की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

### राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका

हमारी नारी शक्ति लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उसने राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलाजी, उद्यम, सशस्त्र बलों और खेलों के साथ हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं।

### प्रतिनिधित्व में कमी और उसकी आवश्यकता

शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में उनकी भागीदारी को मजबूती दी है, पर इन सारे प्रयासों के बावजूद राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिला प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी आफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, यह हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, संतुलित और उत्तरदायी बनाने का प्रयास है।

### संविधान की भावना और समानता

महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। संविधान निमार्ताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना इस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो। अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता स्वीकार की गई है। अगर अब भी हम इसे टालते हैं, तो इसका अर्थ होगा कि हम उस असंतुलन को और खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं।

### महिला आरक्षण पर सहमति और प्रयास

पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए। विधेयकों के मसौदे भी प्रस्तुत किए गए, पर वे पारित नहीं हो सके, फिर भी इस पर व्यापक सहमति रही कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और साथ ही विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ कराए जाएं।

### सामूहिक संकल्प और राष्ट्रीय जिम्मेदारी

जब भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, तब यह जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे दशकों पुराना संकल्प पूरा होने के साथ विकास की गति बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, दल या व्यक्ति का नहीं, पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इसके महत्व को समझना है। महिला आरक्षण बिल पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित के रूप में देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे भावी पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं और हमें बताते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी बनाने की क्षमता में होती है।

### समर्थन की अपील

संसद का ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से नारीशक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## आंखनदेखी



*इंग्लैंड के वेस्ट यॉर्कशायर के वेदरबी में 'अप नॉर्थ कंबाइन' कबूतर रेसिंग संगठन के सदस्य सीजन की शुरूआत के अवसर पर कबूतरों को उड़ाते हुए। यह पारंपरिक प्रतियोगिता उत्साह और प्रतिस्पर्धा के साथ नए सत्र की शुरूआत का प्रतीक मानी जाती है।*

# मानव तस्करी गिरोह का पर्दाफाश

## ● 4 बांग्लादेशी दोषी करार, 3 साल की सजा

*हिंदमाता नेटवर्क @ बेंगलुरु*

*बेंगलुरु में मानव तस्करी के एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को अहम सफलता मिली है। बुधवार को एनआईए की विशेष अदालत ने इस मामले में चार बांग्लादेशी नागरिकों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। लंबे समय से जांच के दायरे में रहे इस मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। अदालत के फैसले को मानव तस्करी के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।*




### आरोपियों को सजा और जुर्माना

दोषी ठहराए गए आरोपियों में बादल हौलादार, कबीर तालुकदार, जाकिर खान और बच्चू घरामी शामिल हैं। बेंगलुरु स्थित एनआईए की विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 20 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जुमार्ना अदा न करने की स्थिति में आरोपियों को एक महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### अवैध घुसपैठ और फर्जी पहचान

जांच में सामने आया कि सभी आरोपी अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत में दाखिल हुए थे। उन्होंने बेनापोल, जेसोर और अखौरा सीमा मार्गों के जरिए देश में प्रवेश किया। भारत आने के बाद आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पहचान पत्र तैयार करवा लिए। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु के उपनगरीय इलाकों में कचरा छंटाई का कारोबार शुरू किया, जो उनके अवैध नेटवर्क का मुख्य जरिया बना।




### तस्करी कर लाए गए लोगों से कराया काम

एनआईए की जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी केवल खुद ही अवैध रूप से भारत में नहीं रह रहे थे, बल्कि उन्होंने अन्य बांग्लादेशी नागरिकों को भी तस्करी के जरिए भारत लाया। इन लोगों को बेंगलुरु में अपने कारोबार में काम पर लगाया गया। आरोपियों ने जमीन लीज पर लेकर शेड बनाए थे, जहां इन तस्करी कर लाए गए लोगों को रखा जाता था। पूरा नेटवर्क बेहद संगठित तरीके से संचालित किया जा रहा था, जिसमें मानव तस्करी और अवैध श्रम का इस्तेमाल किया जा रहा था।

### खुफिया इनपुट से खुला राज

इस मामले की शुरूआत नवंबर 2023 में हुई, जब एनआईए ने स्वत: संज्ञान लेते हुए केस दर्ज किया। खुफिया जानकारी और लगातार निगरानी के आधार पर एजेंसी ने इस अंतरराष्ट्रीय रैकेट का पदार्फाश किया। इसके बाद देशभर में बड़े स्तर पर छापेमारी की गई, जिसमें कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। छापों के दौरान बांग्लादेशी दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, फर्जी भारतीय पहचान पत्र और भारतीय मुद्रा बरामद की गई।

### जांच जारी, नेटवर्क पर शिकंजा

एनआईए ने फरवरी 2024 में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, जबकि मई 2024 में दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। फिलहाल एजेंसी इस पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए जांच को आगे बढ़ा रही है। एनआईए का कहना है कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय अपराध मॉड्यूल को पूरी तरह समाप्त करना जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके और सभी दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जा सके।

## प्रेरक प्रसंग

# अंजान व्यक्ति पर भरोसा



*एक घने और शांत जंगल में एक भेड़िया रहता था। वह बहुत ही चालाक और धूर्त स्वभाव का था, लेकिन कई दिनों से उसे कोई शिकार नहीं मिला था। लगातार भूखे रहने के कारण उसकी हालत कमजोर होती जा रही थी। उसका शरीर थक चुका था और पेट में तेज भूख की आग जल रही थी। ऊपर से उसे प्यास भी सताने लगी थी। उसने सोचा, 'अगर पहले पानी पी लूं, तो शायद कुछ ताकत मिल जाए और फिर शिकार के बारे में सोचूं। इसी विचार के साथ वह धीरे-धीरे चलते हुए जंगल के पास बहने वाली एक नदी के किनारे पहुंचा। उसने झुककर ठंडा पानी पिया और अपनी प्यास बुझाई। तभी उसकी नजर नदी के किनारे खड़े एक सुंदर और मासूम बगुले पर पड़ी। बगुला अपनी लंबी टांगों के सहारे पानी में खड़ा था और मछलियां पकड़ने में व्यस्त था। उसे देखकर भेड़िये के मुंह में पानी आ गया। उसने मन ही मन सोचा, 'यह तो मेरे लिए एक आसान शिकार है, बस थोड़ा दिमाग लगाना पड़ेगा। भेड़िया जानता था कि अगर वह सीधे हमला करेगा, तो बगुला उड़कर बच सकता है। इसलिए उसने एक चालाक योजना बनाई। उसने पास पड़ी एक लकड़ी का टुकड़ा उठाया और उसे अपने गले में इस तरह फंसा लिया, मानो सच में कोई हड्डी अटक गई हो। फिर वह दर्द से कराहने का नाटक करता हुआ बगुले के पास पहुंचा। भेड़िया रोते हुए बोला, 'बगुला मित्र, मेरी मदद करो। मेरे गले में हड्डी फंस गई है, जिससे मुझे बहुत दर्द हो रहा है। तुम अपनी लंबी चोंच से इसे निकाल सकते हो। कृपया मेरी सहायता करो, मैं जीवन भर तुम्हारा एहसान मानूंगा। बगुला स्वभाव से दयालु था, लेकिन वह थोड़ा समझदार भी था। उसने शंका भरी नजरों से भेड़िये को देखा और कहा कि तुम पर भरोसा करना मुश्किल है। अगर मैंने अपनी चोंच तुम्हारे मुंह में डाली, तो तुम मुझे पकड़ सकते हो। भेड़िया बड़ी चालाकी से बोला, नहीं मित्र, मैं ऐसा कैसे कर सकता हूं? तुम मेरी मदद करोगे और मैं तुम्हें नुकसान पहुंचाऊं, यह तो गलत होगा। मैं वादा करता हूं कि तुम्हें कोई हानि नहीं पहुंचाऊंगा।*

भेड़िये की मीठी और दुखभरी बातों में आकर बगुला पिघल गया। उसने सोचा कि किसी की मदद करना एक अच्छा कार्य है। वह सावधानी से आगे बढ़ा और अपनी लंबी चोंच भेड़िये के मुंह में डालकर लकड़ी निकालने लगा। जैसे ही उसने लकड़ी बाहर निकाली, भेड़िये ने तुरंत मौका देखकर उसे अपने तेज जबड़ों में जकड़ लिया।

बेचारा बगुला कुछ समझ पाता, उससे पहले ही भेड़िये ने उसे मारकर खा लिया। अपनी भूख मिटाकर भेड़िया संतुष्ट होकर जंगल में चला गया, जबकि बगुले की भलाई का अंत बहुत दुखद रहा। नैतिक सीख : अंजान व्यक्ति की मीठी बातों में आकर उस पर भरोसा करना कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो सकता है।

## राशिफल

**मेष**– नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है।

**वृषभ**– संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा।

**मिथुन**– रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूंजी निवेश बढ़ेगा।

**कर्क**– क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है।

**सिंह**– नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

**कन्या**– मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं।

**तुला**–यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक**– वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए।

**धनु**– कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे।

**मकर**– मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे।

**कुंभ**– प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

**मीन**–वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

दैनिक हिंदमाता मिरर — पैनी नजर, पुख्ता खबर | 05

# शांतिपूर्ण मतदान के साथ असम, केरल और पुद्दुचेरी में चुनाव संपन्न

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

**असम,** केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी विधानसभा चुनावों के लिए मतदान आज संपन्न हो गया। असम की 126 सीटों, केरलम की 140 सीटों और पुद्दुचेरी की 30 सीटों के लिए मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हो गया है। प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है।



### असम विधानसभा चुनाव में शाम पांच बजे तक 86.92 प्रतिशत मतदान

असम विधानसभा चुनाव में शाम पांच बजे तक 86.92 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। राज्य की सभी 126 सीटों के लिए मतदान आज सुबह सात बजे शुरू हुआ था और आयोग ने मतदान समाप्ति का समय शाम पांच बजे तक तय किया था लेकिन यह समय सीमा समाप्त होने के बाद भी कई लोग मतदान के लिए कतार में लगे हुये थे। चुनाव आयोग के अनुसार पांच बजे तक 86.92 प्रतिशत मतदान हुआ है। राज्य में इक्का दुक्का घटना के अलावा कोई अप्रिय सूचना नहीं मिली और मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### 94.08 प्रतिशत और पश्चिम बार्बी अंगलोंग में हुआ मतदान

चुनावी राज्य के दक्षिण सलमारा मनकाचार जिले में सबसे अधिक 94.08 प्रतिशत और पश्चिम बार्बी अंगलोंग में सबसे कम 72.94 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा बजाली जिले में 86.89 प्रतिशत, बक्सा में 82.51, बारपेटा में 91.92, बिस्वनाथ में 83.76, बोंगईगांव में 91.77, कछार में 82.19, चराईदेव 82.91, चिरांग में 86.06, दरंग में 90.91, धेमाजी में 79.04, धुबरी में 90.63, डिब्रूगढ में 80.02, दीमा हसाओ में 79.96, गोलपारा में 91.34, गोलाघाट में 80.96, हैलाकांडी में 78.90, होजाई में 87.13, जोरहाट में 79.93, कामरूप (मेट्रो) में 76.41, कामरूप (ग्रामीण) में 86.87, कार्बी आंगलोंग में 75.42, कोकराझार में में 86.59, लखीमपुर में 84.41, माजुली में 83.67, मारीगांव में 88.95, नंगांव में 87.18, नलबाड़ी में 86.89, शिवसागर में 83.30, सोनितपुर में 82.23, श्रीभूमि में 83.35, तमुलपुर में 82.00, तिनसुकिया 78.85, और उदलगुरी में 82.29 प्रतिशत मतदान हुआ। असम के कामरूप जिले में मतदान समाप्त होने पर मतदान अधिकारियों ने ईवीएम और वीवीपैट को सील किया।

### पीठासीन अधिकारी ने लोगों को दिया धन्यवाद

एक पीठासीन अधिकारी ने कहा कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, मैं चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग का धन्यवाद करता हूं। असम विधानसभा चुनाव 2026 के बीच उदलगुड़ी सीट से उम्मीदवार सुरेन दैमरी को लेकर विवाद बढ़ गया है। पार्टी के एक नेता ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए प्राथमिकी की मांग की है। आरोप है कि श्री दैमरी ने पार्टी के खिलाफ बयान दिए।

### असम में 722 उम्मीदवारों की किस्मत एशट में कैद

राज्य में बिना किसी हिंसा के शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। असम की सभी 126 सीटों के लिए कुल 722 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य में 2.50 से अधिक मतदाताओं के लिए कुल 28,205 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। कुल मतदाताओं में 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ से अधिक महिलाएं और 343 उभयलिंगी मतदाता शामिल हैं। मतगणना चार मई को होगी और उसी दिन परिणाम आ जायेंगे।

### शाम पांच बजे तक 75.01 प्रतिशत मतदान

केरल विधानसभा की 140 सीटों के लिए मतदान गुरुवार शाम छह बजे समाप्त हो गया, लेकिन कई मतदान केंद्रों के बाहर अब भी लोगों की लंबी कतारें लगी हुई थीं। शाम छह बजे मतदान केंद्रों पर मौजूद लोगों को टोकन दिए गए और उन्हें वोट डालने की अनुमति दी गई। शाम पांच बजे तक 75.01 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो 2021 के विधानसभा चुनावों के 74.06 प्रतिशत मतदान से थोड़ा अधिक है। अंतिम मतदान प्रतिशत तभी उपलब्ध होगा जब मतदान केंद्रों पर बचे सभी लोग अपना वोट डाल लेंगे।

# पीएम मोदी की हत्या की साजिश का दावा

**अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA से संपर्क करने वाले बक्सर के 3 गिरफ्तार**



**हिंदमाता नेटवर्क @ बक्सर**

**बिहार** के बक्सर जिले में प्रधानमंत्री मोदी की हत्या की साजिश रचे जाने का मामला सामने आया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सिमरी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

### मुख्य आरोपी अमन तिवारी गिरफ्तार

पुलिस ने सिमरी के आशा पड़री निवासी अमन तिवारी को उसके घर से गिरफ्तार किया। बक्सर एसपी शुभम आर्य के अनुसार, आरोपी प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रच रहा था और इसके लिए उसने विदेशी एजेंसी से संपर्क साधा था।

### CIA को भेजा था प्रस्ताव

जांच में सामने आया कि आरोपी ने अमेरिका की खुफिया एजेंसी CIA को प्रस्ताव भेजते हुए इस साजिश के बदले बड़ी रकम की मांग की थी। उसने कथित तौर पर इस काम को अंजाम देने के लिए 22 दिनों का समय भी मांगा था।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त

छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर से लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। इन उपकरणों की जांच की जा रही है, ताकि साजिश से जुड़े और सबूत जुटाए जा सकें।

### दो अन्य सहयोगी भी गिरफ्तार

मुख्य आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। तीनों से लगातार पूछताछ की जा रही है, जिससे इस पूरे नेटवर्क और मंशा का खुलासा हो सके। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एसपी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य संभावित कड़ियों की तलाश की जा रही है।

**कफ सिरप तस्करी मामले में एक्शन**

# दुबई से लाया जाएगा शुभम जायसवाल

**हिंदमाता नेटवर्क @ वाराणसी**

**यूपी** के चर्चित कफ सिरप तस्करी मामले में यूपी पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। 19 नवंबर को दो करोड़ के कफ सिरप की बरामदगी मामले में पंजीकृत कोडिन कफ सिरफ तस्करी के मास्टरमाइंड सरगना शुभम जायसवाल के विरुद्ध इंटरपोल की ओर से कमिश्नरेट पुलिस ने रेड कार्नर नोटिस जारी कराया है। भगोड़े शुभम जायसवाल को अब दुबई से भारत लाया जाएगा। प्रकरण से प्रहलाद घाट के कायस्थ टोला निवासी शुभम जायसवाल वर्तमान समय में दुबई (वअए) फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए इन्टरपोल को रेड कार्नर नोटिस जारी करने के लिए आवेदन दिया गया था। डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार ने बताया कि इसके बाद सीबीआई के सहयोग से इंटरपोल से रेड कार्नर नोटिस प्राप्त कर ली गई है। रेड कार्नर नोटिस के अनुसार उपरोक्त अभियुक्त को सम्बन्धित देश की ओर से अरेस्ट किया जाएगा। शुभम जायसवाल के भारत प्रत्यर्पण की कार्यवाही की जा रही है।



### मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल भगोड़ा घोषित

पांच दिन पहले ही कफ सिरफ तस्करी के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल को पुलिस की रिपोर्ट पर कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया था। अपर सत्र न्यायाधीश/ एफटीसी 14 की अदालत ने धारा 84 (4) के तहत ये कार्यवाही की थी। विवेचक दयाशंकर सिंह ने बताया था कि कफ सिरप तस्करी में कायस्थ टोला (आदमपुरा) निवासी शुभम जायसवाल सरगना है। उसके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई का आदेश दिया गया था। उसके आवासों पर नोटिस चस्पा किया गया। मुनादी कराई गई थी। उसे 30 मार्च तक हाजिर होना था। निर्धारित समय तक वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। इस पर पुलिस उसे भगोड़ा घोषित करने की कोर्ट से अपील की।

### रोहनिया थाने में दर्ज मुकदमे में पहले ही भगोड़ा हुआ था घोषित

रोहनिया थाने में दर्ज मुकदमे में शुभम पहले ही भगोड़ा घोषित हो चुका है। पुलिस अब उसके खिलाफ चार्जशीट लगाने की तैयारी में है। रोहनिया के इंस्पेक्टर राजू सिंह ने बताया कि भदवर में 19 नवंबर को दो करोड़ की कफ सिरप की बरामदगी में भी वह नामजद है। एफटीसी-14 की कोर्ट ने 30 मार्च तक उसे पेश होने का नोटिस जारी किया था। कोर्ट की अवमानना में उसे भगोड़ा घोषित मानते हुए उसके खिलाफ मंगलवार रात केस दर्ज किया गया। बताया कि विवेचक 6 अप्रैल को त्रिपुरा जेल जाएंगे जहां सौरभ त्यागी का बयान लिया जाएगा। इसके बाद शुभम और सौरभ त्यागी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होगी। कोर्ट ने यह आदेश विवेचक की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर दिया था। कोडीन कफ सिरप केस में अमित सिंह पुत्र सुभाष सिंह निवासी झोटना थाना भुड़कुड़ा, निलेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र मुकेश कुमार श्रीवास्तव निवासी अष्टभुजी कॉलोनी लंका थाना शहर कोतवाली, शुभम सिंह पुत्र अजय सिंह उर्फ झुन्ना सिंह निवासी धीरजोर खास थाना भुड़कुड़ा, राहुल कुमार यादव पुत्र रमाशंकर यादव निवासी धरनीधरपुर थाना कोतवाली जौनपुर व दयाराम सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी पीरनगर थाना शहर कोतवाली के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज है।

# युद्ध विराम के बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने भारत की तारीफों के बांधे पुल

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

**मिडल** ईस्ट जंग के बीच भारत और अमेरिका के रिश्तों को लेकर एक सकारात्मक संदेश सामने आया है। ईरान के साथ युद्ध विराम दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति JD Vance ने कहा है कि दोनों देश एक-दूसरे के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं और उनकी साझेदारी बेहद मजबूत हो सकती है। नई दिल्ली स्थित वर Embassy inIndia ने वेंस के इस बयान को साझा किया। वेंस ने अपने भारत दौरे (अप्रैल 2025) के दौरान कहा था कि भारत के पास दुनिया के सबसे बेहतरीन स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर में से एक है, जबकि अमेरिका के पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) हार्डवेयर में बढ़त है। उन्होंने कहा कि अगर दोनों देश मिलकर काम करें, तो टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।



■ इसी बीच, भारत में अमेरिका के राजदूत Sergio Gor ने भी भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर सकारात्मक संकेत दिए हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति Donald Trump के साथ डिनर के दौरान दोनों देशों के रिश्तों और वैश्विक स्थिरता पर चर्चा की। राजदूत ने इस मुलाकात को 'यादगार' बताते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, अमेरिकी वाणिज्य सचिव Howard Lutnick के साथ बैठक में AI, व्यापार और निवेश को लेकर नई योजनाओं पर चर्चा हुई। इसमें भारत के फार्मा सेक्टर के अमेरिका में निवेश और सप्लाई चेन मजबूत करने जैसे मुद्दे शामिल थे।

**सीजफायर के बीच नेतन्याहू का ऐलान**

# समझौता करें या युद्ध, इजराइल हर हाल में पूरा करेगा लक्ष्य



**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

**मध्य-पूर्व** में जारी तनाव के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री Benjamin Netanyahu ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इजराइल अपने सभी सैन्य और रणनीतिक लक्ष्यों को हर हाल में पूरा करेगा। चाहे वह समझौते के जरिए हो या फिर दोबारा युद्ध शुरू करके। नेतन्याहू ने देश के लोगों की हिम्मत और सेना की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि इस संघर्ष में इजराइल ने बड़ी जीत हासिल की है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब पहले से कहीं ज्यादा कमजोर हो गया है, जबकि इजराइल पहले से ज्यादा मजबूत स्थिति में है।

■ उन्होंने उन सैनिकों और नागरिकों को भी श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने इस संघर्ष में अपनी जान गंवाई। साथ ही, घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की और शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस बयान के बीच जमीनी हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। इजराइल डिफेंस फोर्स (IDF) ने दावा किया है कि उसने बेरूत में हिज्बुल्लाह के एक बड़े नेता के करीबी सहयोगी अली यूसुफ हर्शी को मार गिराया है। इसके अलावा, दक्षिणी लेबनान में हथियारों के ठिकानों और सप्लाई रूट्स को भी निशाना बनाया गया है। इजराइल का कहना है कि लेबनान में उसकी कार्रवाई जारी रहेगी, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच हुए सीजफायर में लेबनान शामिल नहीं है। इस बात को अमेरिकी उपराष्ट्रपति JD Vance ने भी स्पष्ट किया है कि ऐसा कोई वादा नहीं किया गया था। इस बीच, इजराइल की कार्रवाई से लेबनान में हालात और खराब हो गए हैं। लगातार हमलों के कारण वहां भारी जनहानि और तबाही की खबरें सामने आ रही हैं।

# अमेरिका से शांति वार्ता को तैयार, वायदे भी निभाएंगे लेकिन...!

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

**मध्य-पूर्व** में जारी तनाव के बीच ईरान ने शांति वार्ता को लेकर अपना रुख साफ किया है। ईरान के डिप्टी विदेश मंत्री Saeed Khatibzadeh ने कहा कि उनका देश अपने वादों का सम्मान करता है और बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन हालात अभी भी बेहद नाजुक हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुए हमलों के बाद स्थिति 'बहुत गंभीर' हो गई थी और ईरान को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इसके बाद पाकिस्तान के जरिए कूटनीतिक बातचीत शुरू हुई, जिससे हालात कुछ हद तक संभले।



■ खातिबजादेह ने अमेरिका पर भी जिम्मेदारी डाली और कहा कि वॉशिंगटन को अपने सहयोगी Israel को नियंत्रित करना चाहिए, ताकि सीजफायर का सही तरीके से पालन हो सके। उन्होंने यह भी साफ किया कि ईरान शांति वार्ता के लिए इस्लामाबाद जाने को तैयार है और वहां स्थायी समाधान निकालने की कोशिश करेगा। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अगर लेबनान को इस समझौते में शामिल नहीं किया गया, तो स्थायी शांति संभव नहीं होगी। इस मुद्दे पर विवाद और गहरा हो गया है क्योंकि इजराइल के प्रधानमंत्री Benjamin Netanyahu पहले ही कह चुके हैं कि लेबनान इस सीजफायर का हिस्सा नहीं है और वहां हमले जारी रहेंगे। दूसरी ओर, ईरान के नेता Mohammad Bagher Ghalibaf ने आरोप लगाया है कि अमेरिका और इजराइल ने समझौते की तीन अहम शर्तों का उल्लंघन किया है लेबनान में हमले, ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसपैठ और यूरेनियम संवर्धन के अधिकार से इनकार। ईरान का कहना है कि जब तक इन मुद्दों का समाधान नहीं होता, तब तक बातचीत मुश्किल रहेगी।

**11 हजार लीटर दूध से नर्मदा का अभिषेक**

# आस्था पर उठे सवाल



**हिंदमाता नेटवर्क @ सीहोर**

**जिले** के भैरूंदा क्षेत्र के सातदेव गांव में आयोजित भव्य महायज्ञ का समापन हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी और 11 हजार लीटर दूध के अभिषेक के साथ हुआ। जहां एक ओर इस आयोजन में आस्था का ज्वार उमड़ा, वहीं दूसरी ओर संसाधनों के उपयोग को लेकर बहस भी छिड़ गई है। सातदेव स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर में 21 दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन का समापन बेहद भव्य तरीके से किया गया। अंतिम दिन टैंकरों के माध्यम से 11,000 लीटर दूध लाया गया, जिसे मंत्रोच्चार के बीच नर्मदा नदी में अर्पित किया गया। आयोजकों के अनुसार यह अभिषेक नर्मदा माता की आराधना और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए किया गया। इस पूरे आयोजन के दौरान सातदेव गांव आस्था का केंद्र बना रहा। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचे, जबकि समापन के दिन यह संख्या 30 हजार से अधिक बताई गई। शाम की महाआरती और भंडारे में भी भारी भीड़ उमड़ी। महायज्ञ की भव्यता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 21 दिनों में करीब 41 टन हवन सामग्री का उपयोग हुआ। प्रतिदिन 21 क्विंटल सामग्री से हवन किया गया, जिसमें जड़ी-बूटियां, सूखे मेवे और सोना-चांदी तक की आहुति दी गई। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण 21 हजार दीपों से सजी महाआरती रही। करीब 5 एकड़ में बने पांडाल में दीपों की रोशनी ने अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर इसमें शामिल हुए।



### ड्रोन वीडियो ने छेड़ी सोशल मीडिया पर बहस

इस भव्य समापन आयोजन का ड्रोन वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें टैंकरों के जरिये हजारों लीटर दूध नर्मदा में बहाए जाने के दृश्य दिखाई दिए। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कुछ लोगों ने इसे आस्था का प्रतीक बताया तो कई लोगों ने इसे दूध की बबार्दी बताते हुए तीखे सवाल दागे।

### दादा जी बाबा के सान्निध्य में आयोजन

यह आयोजन श्री धूनीवाले दादाजी महाराज के सान्निध्य में हुआ, जिसमें 21 दिनों तक प्रतिदिन 1108 लीटर दूध से अभिषेक किया गया, जबकि समापन पर इसे बढ़ाकर 11 हजार लीटर कर दिया गया। आयोजकों का कहना है कि बरसों से यह परंपरा चली आ रही है।

### पातालेश्वर महादेव मंदिर की मान्यता

बता दें कि सातदेव क्षेत्र को प्राचीनकाल से सप्त ऋषियों की तपोभूमि माना जाता है। मान्यता है कि यहां सप्तऋषियों की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव पातालेश्वर महादेव के रूप में प्रकट हुए। मंदिर में स्थित शिवलिंग की गहराई आज भी रहस्य बनी हुई है, जो इस स्थान की धार्मिक आस्था को और गहरा बनाती है।

**ओलावृष्टि ने उजाड़ी खेतों की हरियाली**

# किसान की दिन-रात की मेहनत पानी-पानी...



**हिंदमाता नेटवर्क @ हिसार**

**हरियाणा** के हिसार में पिछले कुछ दिनों में हुई ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। दिन-रात मेहनत करके अपनी फसल को बच्चे की तरह पालने वाले किसान आज मायूस नजर आ रहे हैं। ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी फसल बुरी तरह से प्रभावित हुई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। एक बार फिर मौसम की मार ने किसानों को कर्ज के बोझ तले दबा दिया है।

■ बता दें कि जिले के कई इलाकों में हुई तेज ओलावृष्टि से खास तौर पर गेहूं की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचा है। गेहूं की फसल लगभग पककर तैयार थी, लेकिन ओलों की मार से फसल के तने टूटकर जमीन पर गिर गए, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ा है। वहीं सरसों की फसल में अपेक्षाकृत कम नुकसान देखने को मिला है, क्योंकि ज्यादातर सरसों की फसल पहले ही कट चुकी थी। हालांकि जो फसल काटकर खेतों में रखी गई थी, उसमें भी नुकसान की खबरें सामने आई हैं।

■ जिले के कृषि अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि हम लगातार फील्ड में जाकर फसलों का निरीक्षण कर रहे हैं। गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है क्योंकि फसल पककर तैयार थी और ओलावृष्टि के कारण तने टूट गए हैं। सरसों की फसल में कम नुकसान है। किसान भाई अपनी फसल के नुकसान का मुआवजा पाने के लिए अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से 14447 पर सूचना दर्ज करवाएं और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लाभ लें।

■ कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी फसल खराबे की जानकारी दर्ज कराएं, ताकि उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। सरकार का कहना है कि वह किसानों के हित में लगातार काम कर रही है, ताकि किसी भी किसान को नुकसान का सामना न करना पड़े और उनकी आय में बढ़ोतरी हो सके। लेकिन सवाल यही है कि आखिर कब तक किसान मौसम की मार झेलता रहेगा?

**हिंदमाता एंकर:** 12 आईपीएस अधिकारियों को संभल, बहराइच, मेरठ, बुलंदशहर, प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, मीरजापुर, प्रतापगढ़ और जालौन में तैनात किया गया

# यूपी में आईपीएस के बाद अब 35 पीपीएस अफसरों के भी ट्रांसफर, एक्शन में योगी सरकार

**हिंदमाता नेटवर्क @ लखनऊ**

**यूपी** में योगी सरकार ने गुरुवार को 12 आईपीएस अधिकारियों के बाद 35 प्रांतीय पुलिस अधिकारियों (पीपीएस) के तबादले कर दिए। 12 आईपीएस अधिकारियों को संभल, बहराइच, मेरठ, बुलंदशहर, प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, मीरजापुर, प्रतापगढ़ और जालौन में तैनात किया गया है।



35 पीपीएस अधिकारियों में राघवेन्द्र कुमार मिश्र एएसपी यातायात मेरठ को उप सेनानायक, 2वीं वाहिनी एसएसएफ, गोरखपुर, राजेश कुमार श्रीवास्तव केन्द्रीय भण्डार, सीतापुर से यातायात) मेरठ, विवेक त्रिपाठी यातायात आजमगढ़ से केन्द्रीय भण्डार सीतापुर, पंकज कुमार मिश्र बरेली से यातायात आजमगढ़, विजेन्द्र द्विवेदी नगर बदायूँ से उप सेनानायक, 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज, अभिषेक कुमार सिंह एटीएस लखनऊ से नगर बदायूँ, शंकर प्रसाद नगर बुलन्दशहर से पुलिस अकादमी मुरादाबाद, पियूष कान्त राय अपर पुलिस उपयुक्त कमिश्नरेट आगरा से चित्रकूट, सत्यपाल सिंह चित्रकूट से पीटीसी मुरादाबाद, आलोक प्रसाद सीतापुर से कानपुर देहात, अरुण कुमार सिंह-II फतेहगढ़ से यातायात निदेशालय लखनऊ, गिरीश कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक कमिश्नरेट आगरा से फतेहाबाद, राहुल मिढास नगर मैनपुरी से तकनीकी सेवाएं लखनऊ, अभिषेक तिवारी मेरठ से नगर मैनपुरी, महेन्द्र पाल सिंह फतेहपुर से सेक्टर आफिसर सीआईडी लखनऊ, ज्ञान प्रकाश राय अपर पुलिस उपयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद से सीआईडी सेक्टर लखनऊ में तैनात किए गए हैं।

■ इसी तरह अशोक कुमार सिंह नगर बहराइच से उप सेनानायक एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ, संजीव कुमार सिन्हा रायबरेली से पुलिस मुख्यालय लखनऊ, आलोक सिंह तृतीय अपर पुलिस उपयुक्त एलआईयू कमिश्नरेट प्रयागराज से रायबरेली, अजीत कुमार रजक जौनपुर से पूर्वी गोण्डा, डॉ. राजवीर सिंह ग्रामीण बुलन्दशहर से नगर-पूर्वी अम्बेडकरनगर, श्याम देव नगर पूर्वी अम्बेडकरनगर से उप सेनानायक 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर, मनीष कुमार मिश्र नक्सल मीरजापुर से ग्रामीण अलीगढ़, शैलेन्द्र लाल नगर पूर्वी प्रतापगढ़ से दक्षिणी उन्नाव, जया शाण्डिल्य कमिश्नरेट लखनऊ से क्षेत्रीय अभिसूचना मेरठ, कृष्ण कान्त सरोज क्षेत्रीय अभिसूचना मेरठ से विशेष जांच आदी अधिकारी तैनात की गई हैं।

### इन आईपीएस अफसरों के तबादले

बदले गए अपर पुलिस अधीक्षकों में एएसपी ग्रामीण सहारनपुर सागर जैन को पुलिस उपयुक्त प्रयागराज, एएसपी मनोज कुमार रावत को गोण्डा पूर्वी से एएसपी संभल दक्षिणी, आयुष विक्रम सिंह को मेरठ नगर से बहराइच नगर, विनायक गोपाल भोसले को सहायक पुलिस अधीक्षक सीतापुर से एएसपी नगर मेरठ, अतरिंक्ष जैन को सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ से ग्रामीण बुलंदशहर, सुश्री ट्विंकिल जैन को सहायक पुलिस अधीक्षक गौतमबुद्धनगर से अपर पुलिस उपयुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, लिपि नागयाच सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से अपर पुलिस उपयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी, राजकुमार मीणा सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से एएसपी नक्सल मीरजापुर, ऋषभ रुनवाल सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से एएसपी नक्सल सोनभद्र, आलोक कुमार सहायक पुलिस अधीक्षक संभल से एएसपी नगर पूर्वी प्रतापगढ़, डा. ईशान सोनी को सहायक पुलिस आयुक्त वाराणसी से एएसपी जालौन बनाया गया है।

# यूपी में अब पोस्टर वार तेज ‘ल्यारी राज’ बनाम ‘धुंआ-धर’

## यूपी पुलिस का एक्शन



**हिंदमाता नेटवर्क @ लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों धुरंधर पोस्टर वॉर और मीम्स की एंट्री ने नौबत पुलिस एक्शन तक पहुंचा दी है। सबसे पहले अखिलेश का ल्यारी राज वाले पोस्टर लगे, जिसमें सपा प्रमुख को रहमान डकैत की तरह दिखाया गया। इसी पोस्टर में सीएम योगी को धुरंधर सीएम भी बताया गया। अखिलेश राज में हुई आपराधिक घटनाओं और दंगों की न्यूज क्लिपिंग्स को इस पोस्टर में हाईलाइट किया गया था। यूथ अगेंस्ट माफिया द्वारा लगाए गए ये पोस्टर केवल लखनऊ तक सीमित नहीं रहे। गोंडा, जौनपुर, कानपुर और वाराणसी में भी ऐसे ही पोस्टर लगे तो सपा कार्यकर्ता भड़क उठे और पलटवार शुरू कर दिया। लखनऊ में लगे पोस्टर पर सपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूटा और कार्यकर्ताओं ने पोस्टर फाड़कर हटा दिया। इसके बाद सपा की ओर से भी पोस्टर लगवाए गए।

### अखिलेश के बयान ने माहौल और गर्म कर दिया

इन पोस्टर में सीएम को धुरंधर की जगह धुंआ-धर बताया गया। धुंआ-धर वाले पोस्टर में भी 2017 के बाद से हुए आपराधिक घटनाओं की न्यूज क्लिपिंग्स को हाईलाइट किया गया था। पोस्टर पर अखिलेश यादव के बयान ने माहौल और गर्म कर दिया। उन्होंने कहा, जो लोग पोस्टर बैनर लगा रहे थे वो जानते ही नहीं थे कि धुंआ-धर, धुआंधर लेकिन पोस्टर बैनर लगने के बाद पूरा प्रदेश और देश जान गया हैं कि धुंआ-धर कौन है। उन्होंने कहा कि लोग तो और भी बातें कर रहे हैं, वनस्पती की बात कर रहे हैं लेकिन इस सरकार को घबड़ाहट है कि नौ साल में कुछ नहीं कर पाई और हमारे उत्तर प्रदेश को पीछे कर दिया।

### गुंडे-माफिया को पुष्पित पल्लवित करती रही है सपा

ब्रजेश पाठक ने कहा, हमारी जो संस्कृति है, जो सांस्कृतिक विरासत है यदि कोई फिल्मकार साहित्यकार अपनी शब्दों से, चलचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करता है तो उसकी सराहना होनी चहिए। जो लोग चिढ़ रहे हैं, उनको पीड़ा हो रही है उनका कार्यकाल ही गुंडई और अराजकता भरा रहा है। आज़मगढ़ भी इससे अछूता नहीं रहा है। समाजवादी पार्टी हमेशा गुंडे माफिया को पुष्पित पल्लवित करती रही है। हमारी सरकार उत्तर प्रदेश की आम जनता को बेहतर से बेहतर लॉ एंड ऑर्डर प्रदान करती है।

### पोस्टर वॉर में पुलिस ऐक्शन की एंट्री

सपा नेता आईपी सिंह ने एक वीडियो मीम शेयर किया। इस AI वीडियो मीम में सीएम योगी को धुरंधर थीम म्यूज़िक पर थिरकते हुए दिखाया गया। आरक्षण डकैत धुंआ-धर की हैडिंग के साथ इस मीम में कुछ न्यूज़ हेडिंग्स को भी जोड़ा गया। ये वीडियो पोस्ट होने के बाद धर्म सिंह नाम के व्यक्ति की भावनाएं आहत हुई और वो लखनऊ के हजरतगंज थाने में शिकायत देने पहुंचे।

# माफिया अशरफ के पूर्व गनर इरफान गद्दी की सरेआम हत्या

## बीच सड़क पर सीने में मारी गोली



**हिंदमाता नेटवर्क @ प्रयागराज**

प्रयागराज के करेली थाना क्षेत्र के गौस नगर में बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने प्रॉपर्टी डीलर इरफान गद्दी की गोली मारकर हत्या कर दी। यह वारदात तब हुई जब इरफान अपने घर से कुछ दूरी पर चाय पीने आया था। दो बाइकों पर आए बदमाशों ने उसके सीने में गोली मारी और मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इरफान पूर्व में माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ की सुरक्षा में बंदूक लेकर चलता था। पुलिस शुरुआती जांच में इस हत्या के पीछे जमीन विवाद और पुरानी रंजिश को मुख्य कारण मान रही है।

### जमीन विवाद और पुरानी रंजिश का शक

मृतक इरफान गद्दी के परजिनों की तहरीर पर पुलसि ने आशफि दुर्रानी और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लयिा है। पुलसि को शक है कि प्रॉपर्टी डीलगि के काम से जुडे.होने के कारण कसिी जमीन को लेकर ववादि चल रहा था। इरफान का इतहिास माफयिा अशरफ के गनर के तौर पर जुडा होने के कारण पुलसि हर संभावति पहलू को खंगाल रही है। अधकिारियिों का कहना है कि पुरानी रंजशि के एंगल पर भी गहनता से काम कयिा जा रहा है।

### चाय की दुकान के पास बदमाशों ने किया हमला

जानकारी के मुताबिक, इरफान गद्दी करेली के गौस नगर का निवासी था। वह अपनी दिनचर्या के अनुसार घर के पास चाय पीने निकला था, तभी हमलावरों ने उसे निशाना बनाया। गोली लगने के बाद इरफान काफी देर तक सड़क पर तड़पता रहा। स्थानीय लोगों ने उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य और एडिशनल डीसीपी राजकुमार मीणा ने खुद मौके पर पहुंचकर जांच की कमान संभाली।

### जल्द होगा आरोपियों का खुलासा

डीसीपी मनीष शांडलि्य ने बताया कि पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं। हत्यारों की तलाश में टीमें लगा दी गई हैं और छापेमारी जारी है। पुलसि का दावा है कि जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा कर दयिा जाएगा। फलिहाल, अतीक-अशरफ गैंग के पूरव सदस्य की हत्या से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है, जसि देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कएि गए हैं।

## शॉर्ट स्टोरी

### बिहार में गला काटकर मर्डर, तेजस्वी बोले- ये 'प्रोपेगेंडा फिल्म' का असर

**हिंदमाता नेटवर्क @ अररिया**



बिहार के अररिया जिले के फारबिसगंज में कानून के शासन को चुनौती देने वाली एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। एक मामूली विवाद में सत्तू विक्रेता रवि चौहान ने वाहन चालक नबी हसन का बीच सड़क पर गला रेतकर सिर अलग कर दिया। इसके बाद जो हुआ, उसने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी पर कालिख पोत दी। एसपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि सत्तू विक्रेता रवि चौहान और वाहन चालक नबी हसन के बीच किसी बात पर झगड़ा हुआ था। इसके बाद रवि ने नबी की चाकू से निर्मम हत्या कर दी। फिर बाद में आरोपी को नबी के करीबी लोग पकड़ लेते हैं और बुरी तरह पीट देते हैं। पुलिस किसी तरह उसे घायल हालत में अस्पताल ले जाती है, जहां उसकी मौत हो जाती है। पूरी घटना वीडियो फुटेज में कैद हो गई है। इस मामले में RJD नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार को घेर लिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर तेजस्वी ने लिखा, "ये है बिहार के भयावह हालात, अररिया जिले के फारबिसगंज में एक शख्स ने सरेआम बीच बाजार दूसरे शख्स का गला काट दिया और सैकड़ों लोगों के बीच उसका सिर लेकर घूमता रहा। बाद में मृतक के परिजनों ने हत्या करने वाले को ढूंढ़कर उसकी भी हत्या कर दी। पुलिस भी कानून व्यवस्था को संभालने की जगह जान बचाती दिखी। तेजस्वी ने आगे लिखा, महाचौपट राज की इससे बड़ी तस्वीर क्या हो सकती है? यह घटना साफ दिखा रही है कि बिहार में कानून व्यवस्था किस हद तक बदहाल हो चुकी है। सत्ताधारी भाजपा-जदयू के नेता 'सीएम चेयर' के खेल में लगे हैं और बिहार में हर दिन लूट, हत्या, अपराध और बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि दिनदहाड़े सरेआम हत्याएं हो रही हैं और कानून का जरा भी डर नहीं है।

### नीतीश के मुख्यमंत्री पद छोड़ने की डेट हुई फाइनल, सम्राट चौधरी नए CM की रेस में सबसे आगे


**हिंदमाता नेटवर्क @ पटना**



बिहार में नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद छोड़ने की तारीख फाइनल हो गए हैं। राज्यसभा सांसद पद की शपथ लेने के लिए नीतीश कुमार गुरुवार को दिल्ली आ रहे हैं। शुक्रवार को सांसद सदस्य पद की शपथ लेंगे और उसके बाद पटना लौटते ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। सूबे के सियासी इतिहास में पहली बार बीजेपी अपना मुख्यमंत्री बनाने जा रही है, जिसके लिए सम्राट चौधरी का नाम रेस में सबसे आगे है। बिहार में दो दशक तक मुख्यमंत्री रहने के बाद नीतीश कुमार अब दिल्ली की सियासत में हाथ आजमाएंगे। दिल्ली के लिए गुरुवार को दोपहर में पटना से रवाना होंगे और 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्यता की शपथ लेंगे। सूत्रों के मुताबिक नीतीश कुमार 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। पटना में 14 अप्रैल को ही एनडीए विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। माना जा रहा है कि इस बैठक में ही नीतीश सीएम पद छोड़ने का ऐलान कर सकते हैं। बिहार में करीब 2005 के बाद सत्ता परिवर्तन की इबारत लिखी गई है। नीतीश कुमार करीब दो दशक तक मुख्यमंत्री रहे और अब राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद उन्होंने सीएम पद छोड़ने की तैयारी कर ली है। नीतीश कुमार के राइट हैंड माने जाने वाले जेडीयू नेता विजय कुमार चौधरी ने पार्टी की तरफ से पहली बार साफ-साफ शब्दों में कह दिया है कि आगे बिहार की सत्ता को बीजेपी लीड करेगी। नीतीश के राज्यसभा सांसद पद की शपथ लेने के दिन ही 10 अप्रैल को दिल्ली में बिहार बीजेपी नेताओं की अहम बैठक है। इसमें पीएम मोदी और गृह मंत्री अमति शाह भी शामिल हो सकते हैं। इस बैठक में सरकार गठन की प्रक्रिया पर चर्चा हो सकती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को दिल्ली आएंगे और गुरुवार को राज्यसभा सांसद पद की शपथ लेंगे। इसके अगले दिन शनिवार को यानी 11 अप्रैल को पटना लौट जाएंगे, जिसके बाद सरकार गठन की प्रक्रिया होगी। माना जा रहा है कि नीतीश 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और 15 अप्रैल को नई सरकार का गठन हो सकता है। नीतीश कुमार दिल्ली से बिहार लौटने के बाद सीएम पद छोड़ देंगे।

### बिहार में सिस्टम फेल, खजाना खाली, हमें भी नहीं मिली सैलरी: तेजस्वी

**हिंदमाता नेटवर्क @ पटना**



बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान दिया है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि सरकार का खजाना खाली हो गया है। यहां तक कि हम लोगों को भी सैलरी नहीं मिली है। उन्होंने गुरुवार को मीडिया से बातें करते हुए यह बयान दिया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने कई अन्य मुद्दों पर राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। पटना में मीडिया से बातें करते हुए तेजस्वी यादव ने पूरे राज्य में घट रही अपराधी घटनाओं के साथ राजनीतिक घटनाक्रम पर भी अपना बयान दिया। तेजस्वी यादव ने कहा कि राज्य सरकार का खजाना खाली हो गया है। अब बस सरकार बनाने में लगी हुई है। बिहार का पूरा सिस्टम ऑफ चौपट हो चुका है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अस्पताल में मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है, दवा नहीं मिल रहा है। स्ट्रेचर पर मरीज लेटे हुए रहते हैं। तेजस्वी यादव ने अररिया जिले में घटी घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना अब तक हम लोगों ने नहीं देखी थी। सरेआम एक व्यक्ति का सर काट दिया गया। प्रशासन कहां है? लॉ एंड ऑर्डर कहां है? उन्होंने कहा कि यहां पर एनडीए के जो नेता हैं, सबके मन में अभी बस एक ही चीज चल रहा है कि कौन बीजेपी से मुख्यमंत्री बनेगा? तेजस्वी यादव ने कहा पहले 5 साल में एक बार सरकार बनती थी। अब तो कुछ ही दिन पर नई सरकार देखने को मिलती है। बिहार में शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए तेजस्वी ने कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था चौपट है, शिक्षा बदहाल है। किसी को अब तक सैलरी नहीं मिल रही है। यहां तक की अभी तक हम लोग को सैलरी नहीं मिली है।

# ओलावृष्टि से 40 फीसदी गेहूं बर्बाद

## CM योगी ने मुआवजे के दिए आदेश



**हिंदमाता नेटवर्क @ लखनऊ**

UP: , उत्तर प्रदेश में अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। किसानों के मुताबिक, लगभग 40 प्रतिशत गेहूं की फसल खराब हो गई है। कई जगह फसल भीग गई और काली पड़ने का डर है। इस समय ज्यादातर किसान गेहूं की कटाई कर रहे थे, लेकिन बारिश और ओले के कारण काम रुक गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तुरंत किसानों के पास जाएं और फसल के नुकसान का सही आकलन करें। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा मिले और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों को फील्ड में रहकर नुकसान का आकलन करना है और बीमा कंपनियों के साथ मिलकर मुआवजा दिलाना है। जिन किसानों के घर टूटे या क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया जाएगा। पात्र किसानों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर प्रभावित किसान को तुरंत राहत और मुआवजा दिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अधिकारियों को लगातार फील्ड में रहकर स्थिति की जानकारी शासन को भेजनी होगी। प्रदेश में पिछले एक हफ्ते में बेमौसम बारिश और आकाशीय बिजली से 20 लोगों की मौत, 12 घायल और 33 जानवरों की हानि हुई। मुख्यमंत्री ने सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। इस कदम से किसानों को राहत मिली है और उन्हें उम्मीद है कि फसल के नुकसान की भरपाई जल्द की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर प्रभावित किसान तक मदद पहुंचे और नुकसान का आकलन किया जाए। प्रदेश में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रशासन ने राहत कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं।

# इश्क में अंधी ‘ममता’ बनी हैवान

## 2 साल की बेटी की हत्या कर नाली में बहाया शव

**हिंदमाता नेटवर्क @ आगरा**

आगरा के छत्ता क्षेत्र से एक रूह कंपा देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां ने अपने ही जिगर के टुकड़े की बेरहमी से हत्या कर शव को नाली में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। पिता का आरोप है कि पत्नी ने अपने अवैध संबंधों में बाधा बनने के कारण इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। मंगलवार शाम करीब 7 बजे यमुना किनारा मार्ग स्थित ‘लड्डू गोपाल’ प्रतिमा और यमुना आरती स्थल के बीच बनी एक नाली में 2 वर्षीय मासूम ‘खुशी’ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पाइपलाइन के बगल में पानी में डूबा होने के कारण शव आसानी से दिखाई नहीं दे रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त शुरू की।

### डॉक्टर के बहाने घर से निकली थी मां

नगला धाकरान निवासी पिता रामू धाकड़ ने बताया कि उनकी शादी नवंबर 2023 में बिहार की रहने वाली ममता से हुई थी। रामू के अनुसार मंगलवार सुबह 11 बजे ममता बेटी खुशी को डॉक्टर के पास ले जाने का बहाना बनाकर घर से निकली थी। जब वह काफी देर तक नहीं लौटी, तो रामू ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। देर रात पुलिस ने फोटो दिखाकर शव की शिनाख्त कराई, जिसे देख पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई।

### हत्या की चौंकाने वाली वजह


पीड़ित पिता रामू ने पत्नी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि ममता का किसी युवक के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह अक्सर फोन पर बात करती थी और पहले भी कई बार बिना बताए घर से जा चुकी थी। पिता का दावा है कि अवैध संबंधों के रास्ते से हटाने के लिए ही ममता ने अपनी मासूम बेटी को मौत के घाट उतार दिया।

### पुलिस की कार्रवाई और जांच

पुलिस ने आरोपी मां को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। मामले पर आधिकारिक बयान देते हुए एसीपी छत्ता, शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि बच्ची के शरीर पर जाहिर तौर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं।

# इन 10 पवित्र नदियों के नाम पर बसेंगी टाउनशिप

## ग्रेटर आगरा प्रोजेक्ट



**हिंदमाता नेटवर्क @ ग्रेटर आगरा**

पर्यटन नगरी आगरा अब केवल अपने ऐतिहासिक स्मारकों के लिए ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनरुद्धार और आधुनिक शहरी विकास के संगम के रूप में नई पहचान बनाने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर विकसित हो रहे ग्रेटर आगरा में सांस्कृतिक पुनरुद्धार के जरिए नवनिर्माण की अनूठी अवधारणा को केंद्र में रखा गया है, जहां सिंधु से लेकर कावेरी तक 10 पवित्र नदियों के नाम पर टाउनशिप बसाई जाएंगी। सबसे खास बात ये है कि नोएडा और गुरुग्राम जैसे शहरों पर बढ़ते दबाव को कम करने में भी ग्रेटर आगरा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# एसी फर्स्ट क्लास में छात्र गिरफ्तार, पिट्ठू बैग खोलते ही पुलिस दंग





**हिंदमाता नेटवर्क @ इटावा**

जीआरपी पुलिस ने इटावा जंक्शन पर सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस के एसी फर्स्ट क्लास (H1) कोच में छापेमारी कर बिहार के बेगूसराय निवासी गौरव कुमार को गिरफ्तार किया है। 22 वर्षीय यह आरोपी पॉलिटेक्निक का छात्र है और नई दिल्ली से बेगूसराय जा रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गौरव के पास मौजूद चार नए पिट्ठू बैग और एक ट्रॉली बैग की तलाशी ली। इन बैगों के भीतर से विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों की कुल 48 अवैध शराब की बोतलें बरामद हुईं। पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर 3 पर ट्रेन रुकते ही छात्र को हिरासत में ले लिया और आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

### एसी कोच और पांच बैगों का 'शराब कनेक्शन'

जीआरपी थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी गौरव कुमार मटिहानी जिले का रहने वाला है। वह तस्करी के लिए सुरक्षित माने जाने वाले एसी फर्स्ट क्लास कोच का इस्तेमाल कर रहा था ताकि किसी को शक न हो। पुलिस ने उसके पास से चार पिट्ठू बैग और एक ट्रॉली बैग बरामद किए हैं, जो पूरी तरह शराब की बोतलों से भरे हुए थे। पुलिस ने छात्र के खिलाफ धारा 60/63 के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### छात्र का दावा: 'दोस्त ने फंसाया, मुझे नहीं थी जानकारी'

पूछताछ के दौरान आरोपी छात्र गौरव ने खुद को निर्दोष बताया। उसने पुलिस को दिए बयान में कहा कि वह दिल्ली घूमने गया था और उसके दोस्त ने ही उसकी वापसी का रिजर्वेशन कराया था। गौरव का दावा है कि उसके दोस्त ने उसे बैग बेगूसराय पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी थी और चार अज्ञात लोगों ने ट्रेन में सामान रखा था। छात्र के मुताबिक, वह सो रहा था और उसे बैग में मौजूद शराब की जानकारी नहीं थी।

# 2 महीने बंद रहेगी नोएडा सेक्टर 62 की सर्विस रोड

## गाजियाबाद जाने वालों के लिए जरूरी खबर!





**हिंदमाता नेटवर्क @ गाजियाबाद**

नोएडा सेक्टर 62 के पास गाजियाबाद की ओर जाने वाली सर्विस रोड 9 अप्रैल से 10 जून तक पूरी तरह बंद रहेगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (DMRC) ने अपने आधिकारिक X अकाउंट पर जानकारी दी है कि मेट्रो प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य के कारण से ये सर्विस रोड बंद की जा रही है। DMRC ने बताया कि पियर P386 के पास मेट्रो के दो खास स्टील स्पैन (steel spans) के लिए नींव रखने और उन्हें खड़ा करने का काम चल रहा है। जिसकी वजह से सर्विस रोड बंद करने का फैसला किया गया है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, यह निर्माण कार्य मेट्रो सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए बहुत जरूरी है। नोएडा-गाजियाबाद कॉरिडोर पर मेट्रो की सुविधा बढ़ाने और ट्रेनों की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए यह काम जरूरी है। बता दें कि यह काम मेट्रो लाइन-3 के विस्तार प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस एक्सटेंशन में नोएडा सिटी सेंटर से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी तक मेट्रो लाइन बढ़ाई जा रही है। इसके तहत ट्रेन रिवर्सल सुविधा (train reversal facility) बनाई जा रही है, ताकि ट्रेनें आसानी से दिशा बदल सकें। काम पूरा होने के बाद इसे फिर खोल दिया जाएगा।

### ट्रैफिक पर क्या होगा असर?

इलाके में वाहनों की आवाजाही बंद होने से जाम लग सकता है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने वैकल्पिक रास्ते (diversions) बना दिए हैं। DMRC ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा पहले से प्लान करें। अगर संभव हो तो इस रूट पर जाने से बचें या पर्याप्त समय लेकर निकलें। परेशानी से बचने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगाए गए बोर्डों और निर्देशों का पालन करें। इस रूट पर सुबह और शाम पीक ऑवर्स में ज्यादा भीड़ और ट्रैफिक की समस्या हो सकती है। ऐसे में यात्रियों के लिए सलाह है कि नेविगेशन ऐप्स का इस्तेमाल करें और वैकल्पिक रास्ता चुनें। अगर जरूरी हो तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट मेट्रोस बस का इस्तेमाल करें।

# ताजमहल टिकट के नाम पर ठगी: फेक वेबसाइट पर विदेशी टूरिस्ट बने शिकार

## 1300 की जगह 3200 वसूले



**हिंदमाता नेटवर्क @ आगरा**

दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल से जुड़ा साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आगरा में विदेशी पर्यटकों को निशाना बनाते हुए एक फर्जी वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन टिकट बेचे जा रहे थे। इस धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ, जब पर्यटक ताजमहल पहुंचने के बाद अपने टिकट की जांच करवा रहे थे और वे नकली पाए गए। कुछ विदेशी पर्यटकों ने ऑनलाइन टिकट खरीदने के लिए एक वेबसाइट सर्च की थी, जहां उन्हें असली से ज्यादा कीमत पर टिकट बेचे गए। एक टूरिस्ट ने करीब 35 डॉलर यानी भारतीय मुद्रा में लगभग 3,200 रुपये से अधिक का पेमेंट किया, जबकि ताजमहल के अधिकृत टिकट की कीमत करीब 1300 रुपये है। इस तरह पर्यटकों से ज्यादा पैसे वसूलने के साथ-साथ उन्हें फर्जी टिकट भी थमा दिए गए। इस मामले का खुलासा ताजमहल के पश्चिमी गेट पर तैनात कर्मचारी बबलू कुमार पासवान ने किया, जब उन्होंने तीन विदेशी पर्यटकों के टिकट में गड़बड़ी देखी। जांच करने पर सामने आया कि ये टिकट [https://ticketstajmahal.com](https://ticketstajmahal.com) नाम की एक फर्जी वेबसाइट से बुक किए गए थे। तीनों पर्यटकों ने कुल मिलाकर 105 डॉलर का भुगतान किया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने साफ किया है कि ताजमहल और अन्य संरक्षित स्मारकों की ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए केवल अधिकृत प्लेटफॉर्म ही मान्य हैं। इनमें asipayumoney.com (केनरा बैंक) और asi.payugov.in (NSDL) शामिल हैं। ताजमहल की वरिष्ठ संरक्षण सहायक कलंदर बिंद ने इस मामले में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

### 2023 में भी सामने आया था ऑनलाइन ठगी का मामला

यह पहली बार नहीं है जब ताजमहल के नाम पर ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया हो। इससे पहले फरवरी 2023 में भी इसी तरह की शिकायत सामने आई थी, जिसके बाद दिल्ली के साइबर पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई थी। इसके बाद भी कई संदिग्ध वेबसाइटों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बावजूद ठगी के नए तरीके सामने आ रहे हैं। इस घटना के बाद ASI ने पर्यटकों के लिए अलर्ट जारी किया है। पर्यटकों से अपील की गई है कि वे किसी भी अनजान या गैर-आधिकारिक वेबसाइट से टिकट बुकिंग न करें।

**हिंदमाता एंकर:** एनजीओ में काम और 90 हजार रुपए तक की सैलरी का लालच देकर करीब 150 लोगों से लगभग एक करोड़ रुपए ठग लिए गए

# ट्रेनिंग से लेकर जॉइनिंग तक सब फर्जी, यूपी के 150 युवाओं को झटका

**हिंदमाता नेटवर्क @ लखनऊ**

लखनऊ में नौकरी दिलाने के नाम पर एक ऐसा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जिसने बेरोजगार युवाओं की उम्मीदों को गहरा झटका दिया है। एनजीओ में काम और 90 हजार रुपये तक की सैलरी का लालच देकर करीब 150 लोगों से लगभग एक करोड़ रुपये ठग लिए गए। मामला तब खुला, जब ट्रेनिंग और जॉइनिंग के बाद युवाओं को फील्ड में भेजा गया और वहां पूरी कहानी ही उलट गई। जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने खुद को स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा बताते हुए दो संस्थाओं बेक फाउंडेशन और जीवन पथ फाउंडेशन के नाम पर भर्ती शुरू की। दावा किया गया कि उन्हें टीबी जागरूकता अभियान का काम मिला है और इसके लिए बड़े स्तर पर युवाओं की जरूरत है। बात को भरोसेमंद बनाने के लिए नौकरी को सरकारी प्रोजेक्ट से जुड़ा बताया गया और सैलरी 31,500 रुपये से लेकर 90,000 रुपये तक बताई गई। नौकरी की तलाश में जुटे युवाओं के लिए यह ऑफर आकर्षक था। गोरखपुर, देवरिया और महाराजगंज समेत कई जिलों से युवक-युवतियां लखनऊ पहुंचे। यहां उनसे रजिस्ट्रेशन, ट्रेनिंग और सिक्योरिटी के नाम पर 90 हजार से लेकर 1 लाख 10 हजार रुपये तक जमा कराए गए। धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ती गई और करीब 150 लोगों से कुल मिलाकर लगभग एक करोड़ रुपये वसूले गए।

### होटल में दी गई ट्रेनिंग

इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि आरोपियों ने पूरी प्रक्रिया को बेहद व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया। युवाओं को भरोसे में लेने के लिए लखनऊ के महानगर इलाके के एक होटल में ट्रेनिंग कराई गई। वहां प्रेजेंटेशन के जरिए काम समझाया गया, फील्ड में क्या करना है इसकी जानकारी दी गई और टीम बनाकर अभियान चलाने की बात कही गई। इसके बाद सभी को नियुक्ति पत्र भी दे दिए गए, जिन्हें देखकर किसी को शक की गुंजाइश नहीं बची। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद जब युवाओं को उनके-अपने जिलों में काम शुरू करने के लिए भेजा गया, तब इस पूरे खेल की असलियत सामने आई। जिन विभागों के नाम पर काम करने की बात कही गई थी, वहां पहुंचने पर अधिकारियों ने साफ कर दिया कि ऐसा कोई प्रोजेक्ट उनके पास नहीं है और न ही इन संस्थाओं का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड है। यह सुनते ही युवाओं के पैरों तले जमीन खिसक गई।

### मोबाइल बंद, लटका ताला



सच्चाई सामने आने के बाद जब पीड़ितों ने आरोपियों से संपर्क करने की कोशिश की, तो सभी मोबाइल नंबर बंद मिले। विकासनगर इलाके में जिस दफ्तर से यह पूरा काम संचालित हो रहा था, वहां भी ताला लटका मिला। एक झटके में पूरा नेटवर्क गायब हो चुका था। जिन लोगों ने अपनी जमा पूंजी या उधार लेकर पैसे जमा किए थे, वे अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इस घटना से प्रभावित युवाओं में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो छोटे शहरों और कस्बों से बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर आए थे। किसी ने परिवार से उधार लिया, तो किसी ने कर्ज लेकर पैसे जमा किए। अब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी मेहनत की कमाई वापस पाने की है।

### पुलिस से हुई शिकायत

मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद लखनऊ के विकासनगर थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। साथ ही आरोपियों की तलाश के लिए टीमें भी लगाई गई हैं। फिलहाल इस पूरे मामले में पीड़ितों की नजर पुलिस कार्रवाई पर टिकी है। उन्हें उम्मीद है कि आरोपियों की गिरफ्तारी होगी और उनकी रकम वापस मिल सकेगी।

# ‘भूत बंगला’ लॉजिकल फिल्म : अक्षय कुमार



अक्षय कुमार एक्शन, सीरियस किरदारों में दर्शकों को पसंद आते हैं। लेकिन जब वह कॉमेडी करते हैं तो फैंस का दिल जीत लेते हैं। जल्द ही वह हॉरर-कॉमेडी फिल्म ‘भूत बंगला’ में दर्शकों को डराएंगे भी और हंसाएंगे भी। हाल ही में अमर उजाला डिजिटल से अक्षय कुमार ने अपनी इस फिल्म, डायरेक्टर प्रियदर्शन को लेकर लंबी बातचीत की। पढ़िए अक्षय कुमार से हुई बातचीत के चुनिंदा अंश...

### प्रियदर्शन के साथ काम करना पहले जितना आसान

अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी ने ‘हेरा फेरी’, ‘गरम मसाला’, ‘भागम भाग’, ‘भूल भुलैया’, ‘दे दना दन’, ‘खट्टा मीठा’ जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। अब 14 साल बाद दोनों ‘भूत बंगला’ के जरिए फिर साथ लौटे हैं। अक्षय कुमार ने प्रियदर्शन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में कहा कि 14 साल पहले भी ये ऐसे ही लगते थे, आज भी वैसे ही लगते हैं। इंसान पर वक्त का असर होना चाहिए, इन पर तो कुछ हुआ ही नहीं। (हंसते हुए) सबसे अच्छी बात है कि इनके साथ काम करने में कभी टेंशन नहीं होती है। कोई दबाव नहीं होता है। कोई चिल्लाना नहीं, कोई अनावश्यक तनाव नहीं। हम लोग आते हैं, काम करते हैं, मजे करते हैं और घर चले जाते हैं। फिल्म ऐसे ही बनाई जाती है।

### ‘भूत बंगला’ में अलग तरह की कहानी

अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म ‘भूत बंगला’ के बारे में कहते हैं कि यह सिर्फ एक आम हॉरर कॉमेडी नहीं है। फिल्म में फैंटेसी है। लोककथा और काला जादू भी है। साथ ही कहानी में तर्क भी है। अक्सर फोकलोर वाली फिल्मों में लॉजिक नहीं रहता है, क्योंकि भूत कहीं से भी आ सकता है, कुछ भी हो सकता है। जब हमें ‘भूत बंगला’ की स्क्रिप्ट मिली थी, तो उसके अंदर जो लॉजिक नहीं था। प्रियदर्शन सर ने इसमें लॉजिक डाला। यह बहुत बड़ी बात है। मुझे लगता है कि हमारी फिल्म के अंदर जो लॉजिक आता है, यही इसकी सबसे बड़ी खासियत है।

### रिलीज से पहले बटरफ्लाई इफेक्ट नहीं होता है

इतनी सारी फिल्में करने के बाद भी फिल्म रिलीज से पहले होने वाली घबराहट अक्षय कुमार के अंदर आज भी बनी हुई है। इस पर उन्होंने अपने ही अंदाज में कहा कि इतनी सारी फिल्में करने के बाद भी जब शुक्रवार आता है और जब फिल्म रिलीज होती है, तो घबराहट आज भी होती है। लोग कहते हैं कि बटरफ्लाई इफेक्ट होता है, लेकिन मेरे मामले में बटरफ्लाई नहीं होती, कब्ज हो जाती है। सीधी बात है। हर फिल्म के रिलीज के पहले 48 घंटे बहुत भारी होते हैं। शुक्रवार, शनिवार, रविवार या तो बहुत खुशी मिलती है या बहुत दुख होता है। बीच का कुछ नहीं होता है।

### वामिका गब्बी के साथ स्टंट करते वक्त डर गया था

इसी बातचीत में वामिका गब्बी के साथ एक जोखिम भरी सिचुएशन का जिक्र भी अक्षय कुमार ने किया। वह कहते हैं कि एक कॉलेज इवेंट में हमने स्टंट किया था। मैं क्रेन के ऊपर खड़ा था और नीचे लोग नाच रहे थे। मुझे काफी ऊपर जाना था। वामिका भी बोलने लगी कि मैं भी आऊंगी। मैंने कहा कि इस पर केबल नहीं लगा हुआ, मत आना। लेकिन नहीं, इनको भी हीरो बनना था। बोलीं कि ऐसा मौका कहां मिलेगा? मैं भी आऊंगी। फिर ये आ गई। अक्षय कुमार आगे कहते हैं कि जब हम ऊपर गए, तो हवा बहुत चल रही थी। नीचे हजारों लोग थे। मैंने इसको कहा था कि नीचे मत देखना। बस मेरे सामने देखना। मैं एक हाथ से अपना सहारा पकड़े हुए था और एक हाथ से इसको पकड़े हुए था। अंदर से मैं बस यही सोच रहा था कि भगवान इसको ठीक-ठाक नीचे ले आओ। सच बोलूं, मुझे डर लग रहा था। नीचे आने के बाद मैंने इसको बोला कि बेटा जो तूने किया, दोबारा मत करना। किस्मत अच्छी थी कि तू बच गई। बहुत कम लोग ऐसा करते हैं।





# वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल की जोड़ी फिर धमाल को तैयार

यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी से मिल रही आक्रामक शुरूआत के साथ राजस्थान रॉयल्स आज गुवाहाटी में डिफेंडिंग चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी। दूसरी तरफ आरसीबी की उम्मीदें फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल पर टिकी होंगी। दो साल पहले टी-20 क्रिकेट से विदा लेने के बावजूद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में कमी नहीं आई है। उनके मार्गदर्शन में आरसीबी ने संतुलित शीर्षक्रम तैयार कर लिया है और पिछले मैच में फिल साल्ट ने भी उम्दा पारी खेली थी।

### आरसीबी की भी बल्लेबाजी मजबूत

तीसरे नंबर पर उतर रहे पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट का अपना फॉर्म कायम रखते हुए संतुलित आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी की है। आईपीएल में अपने पदार्पण सत्र में आरसीबी के लिए 473 रन बनाने वाले पडिक्कल बाद में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जॉइंट्स के साथ उस सफलता को दोहरा नहीं सके थे। पिछले सत्र में वह आरसीबी में लौटे और पहली बार उसे आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस सत्र में भी उन्होंने पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 29 गेंद में 50 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंद में 61 रन बनाये। कप्तान रजत पाटीदार और ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड मध्यक्रम को मजबूती देते हैं।

### आरसीबी के गेंदबाजों की होगी परीक्षा

आरसीबी के गेंदबाजों ने भी इस सत्र में प्रभावित किया है। जैकब डफी ने जोश हेजलवुड की कमी पूरी की है तो बीच के ओवरों में क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने रन रोके हैं। हालांकि वैभव सूर्यवंशी के सामने आरसीबी के गेंदबाजों की भी परीक्षा होगी।

### चौथे मैच में जीत के चौके पर होगी राजस्थान रॉयल्स की निगाह

वहीं राजस्थान रॉयल्स इस सत्र में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी ईकाई के रूप में सामने आई है जिसका श्रेय जायसवाल और सूर्यवंशी को जाता है। दोनों ने टीम को शानदार शुरुआत देकर विरोधी गेंदबाजों को दबाव में ला दिया है। सूर्यवंशी ने पिछले मैच में जसप्रीत बुमराह को पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने बेखौफ खेल का फिर परिचय दिया था। रॉयल्स के गेंदबाज भी रणनीति पर अमल करने में कामयाब रहे हैं।

### टीमें :

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सात्विक देसवाल।



# विद्या बालन: हर भाषा में दमदार अभिनय

भारतीय सिनेमा की बेहतरीन अभिनेत्रियों में शुमार विद्या बालन ने हमेशा अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। अपनी फिल्मों के चयन से लेकर अपने किरदारों की गहराई तक, विद्या ने हर बार यह साबित किया है कि वह एक सशक्त और बहुमुखी कलाकार हैं।

■ विद्या बालन की खास बात यह है कि उन्होंने भाषा की सीमाओं को कभी अपने काम के बीच नहीं आने दिया। हिंदी के साथ-साथ उन्होंने विभिन्न भाषाओं और लहजों में सहजता से काम किया है। उनकी संवाद अदायगी, उच्चारण और भावनात्मक पकड़ हर भाषा में उतनी ही प्रभावशाली रहती है। चाहे वह किसी छोटे शहर की महिला का किरदार हो या एक मजबूत, आत्मनिर्भर व्यक्तित्व, विद्या हर भूमिका में पूरी सच्चाई के साथ उतरती हैं। यही कारण है कि देशभर के दर्शक उनसे खुद को जोड़ पाते हैं, चाहे उनकी भाषा या क्षेत्र कोई भी हो।

■ विद्या का मानना है कि सिनेमा एक ऐसी कला है जो भाषा से परे है। उनके लिए हर किरदार एक नई यात्रा है, जहां वह सिर्फ संवाद नहीं बोलतीं, बल्कि उस भावना को जीती हैं। आज के दौर में जब भारतीय सिनेमा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है, विद्या बालन जैसी कलाकार इस बदलाव की सबसे मजबूत कड़ी हैं, जो अपने अभिनय से हर भाषा, हर दर्शक तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं।

# परिणीति चोपड़ा का ब्लैक स्वान लुक

बॉलीवुड की चुलबुली और टैलेंटेड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर काफी चर्चा में हैं। हाल ही में परिणीति ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ शानदार तस्वीरें साझा की हैं, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में परिणीति का स्टाइल और उनका ‘वॉटर बेबी’ अंदाज साफ झलक रहा है।

### समंदर के बीच शानदार लॉन्च

परिणीति ने अपनी इन तस्वीरों के साथ एक बेहद प्यारा कैप्शन भी लिखा है। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अपने शो को लॉन्च करने के लिए इससे बेहतर लोकेशन नहीं चुन सकती थी। जीवन भर के लिए वॉटर बेबी ! आने के लिए आप सभी का शुक्रिया ! उनके इस कैप्शन से साफ है कि वह अपने किसी नए प्रोजेक्ट या शो की शुरुआत को लेकर काफी उत्साहित हैं और इसके लिए उन्होंने समंदर की लहरों के बीच एक आलीशान क्रूज को चुना।



### ब्लैक आउटफिट में बिखेरा जलवा

तस्वीरों में परिणीति चोपड़ा का लुक किसी ब्लैक स्वान से कम नहीं लग रहा है। उन्होंने एक बेहद खूबसूरत ऑल-ब्लैक को-ऑर्ड सेट पहना है, जिसमें एक लॉन्ग स्लीव टॉप और एक वॉल्यूमिनस ट्यूल स्कर्ट (Tulle Skirt) शामिल है। उनके आउटफिट की सबसे खास बात उनकी कमर पर बना एक बड़ा सा ब्लैक रोज (गुलाब) है, जो उनके लुक में एक ड्रामेटिक और हाई-फैशन टच जोड़ रहा है। परिणीति ने अपने इस भारी-भरकम आउटफिट के साथ मेकअप को काफी सटल रखा है। विंग्ड आईलाइनर, न्यूड लिपस्टिक और खुले बालों के साथ उन्होंने अपने लुक को कम्प्लीट किया है। उन्होंने कानों में छोटे डायमंड ईयररिंग्स और हाथों में एक आकर्षक रिंग पहनी है, जो उनके डार्क आउटफिट के साथ खूब जंच रही है। उनके पैरों में ब्लैक स्ट्रैपी हील्स उनके एलिगेंट लुक में चार चांद लगा रहे हैं।



# प्यार में धोखा खा चुकी हैं सनी लियोनी

बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी और उनके पति डेनियल वेबर हमेशा से ही चर्चा में रहे हैं। दोनों अक्सर फैंस को कपल गोल्स देते नजर आते हैं। सनी और डेनियल ने 9 अप्रैल 2011 को शादी रचाई थी। दोनों के तीन बच्चे भी हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं डेनियल से पहले सनी लियोनी की सगाई किसी और से हुई थी।

■ इस बात का खुलासा खुद सनी लियोनी ने किया था। सनी ने रियलिटी शो MTV Splitsvilla X5: ExSqueeze Me Please में अपनी निजी जिंदगी को लेकर बात की थी। उन्होंने बताया था कि डेनियल से पहले वह किसी और से प्यार करती थीं, लेकिन शादी से दो महीने पहले उसने उन्हें धोखा दे दिया। शो में सनी लियोनी एक कंटेस्टेंट को सांत्वाना देते हुए अपने दिल टूटने का किस्सा बताया था। सनी ने कहा था, अपने पति डेनियल से मिलने से पहले मेरी भी एक बार सगाई हो चुकी थी। मुझे लग रहा था कि कुछ तो गलत है और वाकई गलत था। वो मुझे धोखा दे रहा था।

■ सनी ने कहा था, मैंने बस उससे पूछा कि क्या वो अब मुझसे प्यार करता है, और उसने कहा कि नहीं, मैं अब तुमसे प्यार नहीं करता। ये हमारी शादी से दो महीने पहले की बात है। हवाई में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए सभी तैयारी पूरी हो गई थी। ड्रेस भी फाइनल हो गई थी। ये मेरी जिंदगी का सबसे बुरा अहसास था। पति डेनियल को लेकर सनी लियोनी ने कहा था कि ऊपरवाला कुछ मैजिकल चीजें करता है और किसी फरिश्ते को भेजता है। मेरे पति, जो मेरी मां के निधन के समय मेरे साथ मौजूद थे। मेरे पिता का निधन हुआ तब भी वो मेरे साथ थे और तब से लेकर आज तक वो मेरे साथ है। ऊपरवाले के पास तुम्हारे लिए बेहतरीन प्लान होता है।

# कंगना शर्मा का ग्लैमरस लुक



कंगना शर्मा का नाम इंडस्ट्री की उन हसीनाओं में शुमार है, जो अपनी बोल्डनेस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह अक्सर अपनी तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचाती रही हैं। उनकी बोल्ड अदाएं देखकर फैंस आहें भरने पर मजबूर हो जाते हैं। कंगना शर्मा ने हाल ही में ब्लैक आउटफिट में अपनी कुछ सुपर सिजलिंग तस्वीरें शेयर की है। इन तस्वीरों में कंगना का बेबाक अंदाज और ग्लैमरस लुक देखते ही बन रहा है।


■ तस्वीरों में कंगना एक ब्लैक मोनोक्रोम ब्लेजर ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। यह आउटफिट न केवल प्रोफेशनल वाइब्स दे रहा है, बल्कि कंगना ने इसे जिस बोल्डनेस के साथ कैरी किया है, वह इसे पार्टी-रेडी बना रहा है। ड्रेस की डीप वी-नेकलाइन और फिटिंग कंगना के कर्व्स को बखूबी फ्लॉन्ट कर रहे हैं। इस शॉर्ट ब्लेजर ड्रेस ने उनके लुक में ‘बॉस लेडी’ वाला टच जोड़ दिया है।

■ कंगना ने ग्लॉसी मेकअप, न्यूड लिप शेड और बालों का सिल्क हाई बन बनाकर अपना लुक कम्प्लीट किया है। कंगना ने अपने इस लुक के साथ मिनिमल एक्सेसरीज कैरी की है। इसके साथ ही गले में एक स्टाइलिश हार्ट-शेप पेंडेंट वाली सिल्वर चेन, Micro-Sunglasses और ब्लैक हैंडबैग उनके पूरे अपीयरेंस को एक मॉडर्न हाई-फैशन टच दे रहे हैं।

■ तस्वीरों में कंगना एक से बढ़कर एक अंदाज में सिजलिंग पोज देती दिख रही हैं। कभी वह तिरछी नजरों से कैमरे को देख रही हैं, तो कहीं उनके ‘कैंडिड मूव्स’ उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। कंगना शर्मा की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। कोई उन्हें ‘हॉटनेस ओवरलोडेड’ कह रहा है, तो कोई इसे उनका अब तक का सबसे बेहतरीन फोटोशूट बता रहा है।

# नयनतारा और विग्नेश ने किए तिरुपति मंदिर के दर्शन

*फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' (LIC) रिलीज होने से एक दिन पहले फिल्म के डायरेक्टर विग्नेश शिवन और उनकी पत्नी, अभिनेत्री-निर्माता नयनतारा तिरुपति मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। दोनों ने वहां पूजा-अर्चना की। दोनों का यह वीडियो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रहा है। दर्शन के बाद नयनतारा और विग्नेश ने कुछ प्रशंसकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। दोनों का यह वीडियो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। इस दौरान नयनतारा सफेद कुर्ते और लेगिंग के साथ हरे प्रिंटेड दुपट्टे में बहुत सुंदर लग रही थीं। विग्नेश शिवन ने केसरिया कुर्ता और रेशमी धोती पहनी थी।*



# भारत के खिलाफ टेस्ट मैच से बाहर रह सकते हैं राशिद खान

अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने भारत के खिलाफ जून में होने वाले एकमात्र टेस्ट में खेलने पर संदेह जताया है। उनका कहना है कि लाल गेंद क्रिकेट उनकी लंबी करियर की संभावनाओं के लिए जोखिम भरा हो सकता है। राशिद फिलहाल आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अफगानिस्तान को जून में न्यू चंडीगढ़ में भारत के खिलाफ टेस्ट मैच खेलना है, लेकिन राशिद ने स्वीकार किया कि इस मैच में उनके खेलने की संभावना कम है।

### राशिद बोले- डॉक्टर ने टेस्ट प्रारूप से दूर रहने की दी है सलाह

राशिद ने कहा कि मैं पहले भी एक टेस्ट खेल चुका हूं। मैं बस आराम से खेलूंगा। मैं नहीं चाहता कि मेरी पीठ में कोई इंजरी हो। मैं 100 टेस्ट मैच नहीं खेल सकता। लाल गेंद प्रारूप का क्रिकेट थोड़ा मुश्किल है क्योंकि मेरे डॉक्टर ने मुझसे कहा था कि इससे दूर रहो। फिर भी मैंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 67 ओवर फेंके, जिससे डॉक्टर हैरान रह गए। वनडे क्रिकेट मुझे पसंद है और मेरा ध्यान इस फॉर्मेट पर है। मैं इसमें लंबे समय तक खेल सकता हूं। लाल गेंद क्रिकेट को सीमित रखना पड़ेगा। साल में एक टेस्ट है तो मैं उसे खेल लूंगा, लेकिन उससे ज्यादा मैनेज करना मुश्किल होगा। अगर वह टीम का हिस्सा हैं तो उन्हें पूरे दिन गेंदबाजी करनी पड़ेगी।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक नरेश पी. बजाज द्वारा बैरक नंबर 887/27 सेक्शन 18, उल्हासनगर -421 003, जिला ठाणे से प्रकाशित व सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, आमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनवाला क्रॉस रोड -2, जवाहरनगर के पास, फाटक पुल, गोरेगांव, मुंबई -63, (महाराष्ट्र) से मुद्रित। दूरध्वनि: 0251- 3238100, **कार्यकारी संपादक :** पंजू बजाज (पी. आर. बी. एक्ट के तहत कंटेट चयन के लिए जिम्मेदार) न्याय क्षेत्र ठाणे जिला। hindmatamirror1@gmail.com RNI. NO. MAHHIN/2011/43060 **स्थानीय संपादक :** शिवप्रताप